वार्षिक रिपोर्ट
2011-12

राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय,
भारत सरकार का स्वायत्त निकाय

विषय-सामग्री

1.	**प्रस्तावना**	**5–9**
1.1	संस्थान के बारे में	गग
1.2	अधिदेश	गग
1.3	उद्देश्य	गग
1.4	महत्वपूर्ण क्षेत्र	गग
1.5	लक्ष्य समूह	गग
1.6	संगठनात्मक ढांचा	गग
1.6.1	*परिषदें*	*गग*
1.6.2	*समितियां*	*गग*
1.7	सहयोगी भागीदार	गग
1.8	संस्थान भवन	गग
2.	**2011–12 के दौरान महत्वपूर्ण कार्यकलापों/ घटनाओं की विशिष्टताएं**	**10.16**
2.1.	बजट आबंटन	गग
2.2	मादक द्रव्य दुरूपयोग निवारण	गग
2.3.	वृद्धावस्था देखभाल	गग
2.4	समाज रक्षा संबंधी अन्य मुद्दे	गग
2.5	मीडिया प्रभाग	गग
3.	**प्रशासन और वित्त**	**17.20**
3.1	संगठन और प्रबंधन	गग
3.2	प्रभाग की संरचना	गग
3.3	मानव संसाधन प्रबंधन	गग
3.4	अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण	गग
3.5	राजभाषा नीति का कार्यान्वयन	गग
3.6	सूचना का अधिकार अधिनियम का कार्यान्वयन	गग
3.7	निधियां	गग
3.8	लेखा और लेखापरीक्षा	गग
3.9	बकाया लेखों का निपटान	गग
3.10	राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान का भवन	गग

4. मादक द्रव्य दुरूपयोग निवारण 21–33

4.1 पृष्ठभूमि गग

4.2 लक्ष्य और उद्देश्य गग

4.3 लक्ष्य समूह गग

4.4 कार्यकलाप गग

4.5 प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण गग

4.6 वर्ष के दौरान आयोजित कार्यक्रम गग

4.7 नशीली दवा दुरूपयोग अनुश्रवण प्रणाली (डीएएमएस) गग

4.8 आरआरटीसी के माध्यम से आउटरीच/प्रोमोशनल कार्यकलाप गग

4.8.1. वर्ष के दौरान आरआरटीसी द्वारा निष्पादित गतिविधियां गग

4.9 अन्य महत्वपूर्ण घटनाएं गग

5. वृद्धावस्था देखभाल 34–41

5.1 पृष्ठभूमि गग

5.2 लक्ष्य और उद्देश्य गग

5.3 लक्ष्य समूह गग

5.4 कार्यकलाप गग

5.5 प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण गग

5.6 वर्ष के दौरान आयोजित कार्यक्रम गग

5.7 अन्य महत्वपूर्ण घटनाएं गग

6. समाज रक्षा संबंधी अन्य मुद्दे 42–48

6.1 पृष्ठभूमि गग

6.2 लक्ष्य और उद्देश्य गग

6.3 लक्ष्य समूह गग

6.4 कार्यकलाप गग

6.5 प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण गग

6.6 वर्ष के दौरान आयोजित कार्यक्रम गग

6.7 अन्य आयोजन/कार्यक्रम गग

7. अनुसंधान और प्रलेखन 49–52

7.1 प्रस्तावना गग

7.2 अनुसंधान गग

7.3 विलेखन गग

7.4 पुस्तकालय गग

8. मीडिया और प्रचार **53**

8.1. पृष्ठभूमि गग

8.2 प्रदर्शनी और आयोजन गग

8.2.1 शिल्पोत्सव गग

8.2.2 जन सूचना अभियान गग

अनुबंध I से XIII

I संगठनात्मक ढांचा 54

II आम परिषद के सदस्य 55–57

III कार्यकारी परिषद के सदस्य 58

IV संस्थान में समूह 'क' और 'ख' अधिकारियों के नाम और पदनाम 59

V मादक द्रव्य दुरूपयोग निवारण संबंधी प्रषिक्षण कार्यक्रमों की सूची 60–65

VI मादक द्रव्य दुरूपयोग निवारण प्रभाग के क्षेत्रीय संसाधन प्रषिक्षण केन्द्रों (आरआरटीसी) की सूची 66

VII वृद्धावस्था देखभाल प्रभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सूची 67–70

VIII वयोश्रेष्ठ सम्मान के विजेताओं की सूची 71

IX समाज रक्षा प्रभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सूची 72–73

X वृद्धजन देखभाल में एकवर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम 74

XI वृद्धजन देखभाल में छह माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम 75

XII वृद्धजन देखभाल प्रभाग की क्षेत्रीय संसाधन प्रषिक्षण केन्द्रों (आरआरटीसी)/सहायक एजेंसियों की सूची 76–77

XIII भारत में समाज कार्य के प्रमुख विद्यालयों/विभागों/संस्थानों की सूची 78

वार्षिक लेखापरीक्षित खाते

XIV लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र और लेखापरीक्षित वार्षिक खाते और लेखापरीक्षा निरीक्षण रिपोर्ट 79–101

अध्याय–1

परिचय

1.1 संस्थान के बारे में

राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) को 1961 में गृह मंत्रालय के अधीन मूल रूप से सेन्ट्रल ब्यूरो ऑफ करेक्शनल सर्विसेज के नाम से स्थापित किया गया था। इस ब्यूरो को बाद में 1964 में तत्कालीन समाज सुरक्षा विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया था। 1975 से, संस्थान तत्कालीन कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत एक अधीनस्थ कार्यालय के रूप में कार्य किया। यह भारत सरकार की दिनांक 15 जुलाई, 2002 की अधिसूचना सं. 10–3/2000–एसडी. खण्ड.II के द्वारा एक स्वायत्त निकाय बना और 1860 के सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, XXI के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के पास पंजीकृत है।

राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान, समाज रक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए एक नोडल संस्थान है। हालांकि, समाज रक्षा के तहत समाज सुरक्षा कार्यकलापों और कार्यक्रमों के सभी पहलु आते हैं, संस्थान को मुख्यतः मादक द्रव्य दुरूपयोग निवारण के क्षेत्र में मानव संसाधन विकास, अन्य बातों के साथ–साथ आईडीयू और अन्य संबंधित मुद्दों, वृद्धजन देखभाल और भिक्षावृत्ति की रोकथाम सहित समाज रक्षा संबंधी अन्य मुद्दों का कार्य सौंपा गया है।

1.2 अधिदेश:

संस्थान का अधिदेश प्रशिक्षण, अनुसंधान और प्रलेखन के माध्यम से भारत सरकार के समाज रक्षा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।

1.3 उद्देश्य:

संस्थान के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं:

i. समाज रक्षा के क्षेत्र में नीतियों और कार्यक्रमों की समीक्षा;

ii समाज रक्षा संबंधी समस्याओं की प्रत्याशा व निदान;

iii समाज रक्षा के क्षेत्र में निवारक, पुनर्वास और उपचारात्मक नीतियाँ बनाना;

iv. समाज रक्षा नीतियों के उद्देश्यों को साकार करने हेतु उपायों की पहचान और उनका विकास करना;

v. समाज रक्षा संबंधी नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की समीक्षा और मूल्यांकन करना; और,

vi. समाज रक्षा के क्षेत्र में स्वैच्छिक प्रयास का विकास करना और इन्हें बढ़ावा देना।

उपर्युक्त उद्देश्यों को पूरा करने के लिए संस्थान निम्नलिखित कार्यकलाप करता है:

i. समाज रक्षा संबंधी मुद्दों के बारे में अनुसंधान करना;

ii. समाज रक्षा क्षेत्र संबंधी आँकड़ों का संकलन और विश्लेषण करना;

iii. समाज रक्षा क्षेत्र में प्रशिक्षणध्उन्मुखीकरण का विकास/ प्रोत्साहनध्प्रायोजन और कार्यान्वयन करना;

iv. समाज रक्षा संबंधी समस्याओं पर केन्द्र और राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन को परामर्श देना और समाज रक्षा के क्षेत्र में मॉडल नियम. विनियम बनाने के लिए तकनीकी जानकारी प्रदान करना;

v. समाज रक्षा के बारे में राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों और स्वयंसेवी संगठनों के बीच सूचना के आदान–प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करना और इस प्रकार, समाज रक्षा के क्षेत्र में सूचना के क्लियरिंग हाऊस का कार्य करना;

vi. समाज रक्षा सम्बंधी समस्याओं, विशेष तौर पर समुदाय की निवारक और पुनर्वासक की भूमिका के बारे में जन.जागरूकता का प्रसार करता है;

vii. भारत सरकार को पाठ्यक्रम–सामग्री, माड्यूल आदि तैयार करने संबंधी मुद्दों पर समाज संबंधी सूचना के आदान–प्रदान में मदद करना आदि;

viii. समाज रक्षा पर सम्मेलनों/सेमिनारों/कार्यशालाओं का आयोजन करनाय

ix. समाज रक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और स्वयंसेवी संगठनों से संपर्क करना; और

x. समाज रक्षा के क्षेत्र में, लोकप्रिय और व्यावसायिक, दोनों प्रकार का प्रकाशन करना।

1.4 महत्वपूर्ण क्षेत्र

संस्थान के लिए फोकस के प्रमुख क्षेत्र निम्नांकित हैं:

i. मादक द्रव्य दुरूपयोग रोकथाम

ii. वृद्धजनों की देखभाल, और

iii. भिक्षावृत्ति निवारण आदि सहित अन्य समाज रक्षा संबंधी मुद्दे।

1.5 लक्ष्य समूहः

संस्थान के लक्ष्य समूह निम्नांकित हैं:

i. केन्द्र और राज्य सरकारों के संबंधित विभागों के पदाधिकारी

ii. समाज रक्षा के क्षेत्रों में सरकारी और गैर–सरकारी, दोनों क्षेत्रों में सेवा प्रदाता/देखभाल प्रदाता।

iii. समाज कार्य विद्यालय और संबंधित शैक्षिक संस्थानों के शिक्षाविद और व्यावसायिक।

1.6 संगठनात्मक संरचनाः

संस्थान का अध्यक्ष निदेशक स्तर का अधिकारी होता है और इसमें निम्नलिखित प्रभाग हैं:

i. प्रशासन और योजना,

ii. मादक द्रव्य दुरूपयोग निवारण

iii. वृद्धावस्था देखभाल

iv. समाज रक्षा संबंधी अन्य मुद्दे,

v. अनुसंधान और प्रलेखन और

vi. मीडिया और प्रकाशन

उपर्युक्त प्रत्येक प्रभाग का प्रमुख, मीडिया और प्रकाशन प्रभाग को छोडकर, जिसका प्रमुख तकनीकी अधिकारी (मीडिया) होता है, उपनिदेशक होता है। संस्थान का संगठनात्मक चार्ट अनुबंध –I पर है।

1.6.1. परिषदें

(i) आम परिषद

आम परिषद, संस्थान का सर्वोच्च नियामक निकाय है जिसके पदेन अध्यक्ष, सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय हैं। परिषद के अन्य सदस्यों में संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधि और समाज रक्षा के क्षेत्र में विशेषज्ञ/ व्यावसायिक शामिल है। परिषद, संस्थान के लिए व्यापक नीतिगत ढांचा तैयार करती है।

(ii) कार्यकारी परिषद

कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष, संयुक्त सचिव (समाज रक्षा), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार हैं। अन्य सदस्यों में निदेशक/उप सचिव (आईएफ विंग), निदेशक, राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान और दो गैर–सरकारी सदस्य शामिल हैं। परिषद,संस्थान के कार्यकलापों और कार्यक्रमों पर नज़र रखती है और मार्गदर्शन करती है।

1.6.2. समितियां:

(i) वित्त समिति

वित्त समिति, संस्थान के निदेषक की अध्यक्षता में कार्य करती है। समिति वस्तुओं की खरीद और सेवाओं को किराए पर लेने आदि के प्रस्तावों की जांच और सिफारिश करती है।

(ii) शैक्षणिक समिति

निदेशक, शैक्षणिक समिति के अध्यक्ष हैं। अन्य सदस्यों में समाज रक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और संबंधित उप निदेशक शामिल है। यह समिति पाठ्यक्रम, मॉड्यूल कार्यक्रमों आदि संबंधी मामलों में संस्थान का मार्गदर्शन करती है।

(iii) पुस्तकालय समिति

संस्थान के निदेशक, पुस्तकालय समिति के प्रमुख हैं। अन्य सदस्यों में संस्थान के उप निदेशक, अनुसंधाान अधिकारी, तकनीकी अधिकारी और कनिष्ठ लेखा अधिकारी आते हैं। समिति की जिम्मेदारी संस्थान के पुस्तकालय से संबंधित मामलों की निगरानी करना है।

संस्थान, प्रशिक्षण और अनुसंधान का कार्य करती हैं। राज्य, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संगठनों के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संस्थान के सहयोगी भागीदार निम्नानुसार हैं:

1.7 सहयोगी भागीदार

सरकारी क्षेत्र

क्रम संख्या	राष्ट्रीय	राज्यीय	क्षेत्रीय	स्थानीय	अंतर्राष्ट्रीय
1.	संबंधित राज्य और केन्द्रीय मंत्रालय/ विभाग –एम्स पुलिस – मादक द्रव्य नियंत्रण ब्यूरो (एनबीसीसी) – नेहरू युवा केन्द्र (एनवाईकेएस) – विश्वविद्यालय और समाज कार्य संस्थान	राज्य समाज कल्याण विभाग, पुलिस प्रशिक्षण संस्थान	निमहांस, मदुरै समाज विज्ञान संस्थान, उदयपुर समाज कार्य विद्यालय जयप्रकाष सामाजिक परिवर्तन संस्थान, जैन विश्व विद्यालय समाज कार्य विभाग, आन्ध्र विश्वविद्यालय समाज कार्य विभाग, मैसूर विश्वविद्यालय	पंचायती राज संस्थाएं	यूएनओडीसी और सार्क
स्वंयसेवी क्षेत्र					
2.	एफआईएनजीओडीएपी और भारतीय एल्कोहल नीति एलायंस, (आईएपीए)	शून्य	क्षेत्रीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केन्द्र (आरआरटीसी)	सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित गैर – सरकारी संगठन	शून्य

भारत में समाज कार्य विद्यालयों/विभागों की क्षेत्र और राज्यवार संख्या क्रमशः अनुबंध– XII और XIII पर है।

193 समाज कार्य विद्यालयों/विभागों में सेए संस्थान ने निम्नलिखित सात संस्थानों के साथ सहयोग किया है।

1. राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहांस)
2. मदुरै समाज कार्य संस्थान, मदुरै
3. उदयपुर समाज कार्य संस्थान, उदयपुर
4. जयप्रकाश सामाजिक परिवर्तन संस्थान, कोलकाता
5. जैन विश्व विद्यालय, जयपुर
6. समाज कार्य विभाग, आन्ध्र विश्वविद्यालय, विषाखापत्तनम
7. समाज कार्य विभाग, मैसूर विश्वविद्यालय, मैसूर

1.8 द्वारका में संस्थान के भवन का निर्माण:

संस्थानए अपनी स्थापना के बाद से पश्चिम खण्ड 1, आर. के. पुरम, नई दिल्ली से कार्य कर रहा है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने भवन निर्माण और छात्रावास की सुविधा के लिए संस्थान को सेक्टर 10, द्वारका में 2 एकड़ भूमि आवंटित की है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) और भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) से आवश्यक मंजूरी प्राप्त कर ली गई है। तदनुसार, सीपीडब्ल्यूडी ने डीडीए के अनुमोदन के लिए निर्माण की अनुमानित लागत के साथ निर्माण योजना प्रस्तुत की है। डीडीए ने दिनांक 31.12.2012 के अपने पत्र सं.32(14)/87/आईएल/1384 के जरिये राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान बिल्डिंग के निर्माण की अवधि में 31 दिसम्बर, 2013 तक बढोत्तरी (ईओटी) प्रदान की है। हालांकिए डीडीए से औपचारिक अनुमोदन पर सक्रिय तौर पर विचार किया जा रहा है। दिल्ली विकास प्राधिकरण ने दिल्ली शहरी कला आयोग और प्रमुख अग्नि–शमन कार्यालय को आवश्यक मंजूरी के लिए एनआईएसडी की बिल्डिंग का आरेख प्रस्तुत किया है।

अध्याय–2

2011–12 के दौरान महत्वपूर्ण कार्यकलापों/घटनाओं की मुख्य विशेषताएं

2.1 बजट आबंटन:

संस्थान को इस वर्ष के लिए 5.00 करोड़ रुपए (योजनागत) और 1.25 करोड़ रुपए (गैर–योजनागत) बजट आबंटन किया गया था और यह आबंटन संस्थान को सहायता अनुदान के रूप में जारी किया गया। वर्ष के दौरान, 251 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें कुल 8208 लाभार्थियों को कवर किया गया। क्षेत्रक–वार प्रदर्शन नीचे दिया गया है: –

2.2. मादक द्रव्य दुरुपयोग निवारण

संस्थानए केंद्र और राज्य सरकारए दोनों के पदाधिकारियों सहित गैर सरकारी संगठनो के कार्यकर्ताओं और अन्य हितधारकों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण/सुग्राहीकरण कार्यक्रम चलाता है। वर्ष के दौरान, 83 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें कुल 2075 लाभार्थियों को कवर किया गया। इस प्रयोजन के लिए 1.85 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। स्वयं संस्थान और राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान द्वारा और इसकी वित्तीय सहायता से सहयोगी एजेंसियों द्वारा आयोजित पाठ्यक्रमों का विवरण नीचे दिया गया है:

राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान द्वारा आयोजित पाठ्यक्रम

क्र. सं.	कार्यक्रम	पाठ्यक्रमों की सं0	लाभार्थियों की सं0	लाभार्थियों की श्रेणी	व्यय
1.	3–माह का प्रमाणपत्र पाठयक्रम				
2.		2	50	आईआरसीए/ उपचार केन्द्र के परियोजना निदेशक और वरिष्ठ सलाहकार	34 लाख
3.	मादक द्रव्य दुरुपयोग निवारण संबंधी चयनित मुद्दों पर 3 से 5 दिन का विशेषज्ञता पाठ्यक्रम	1	25	विभिन्न क्षेत्रों में मादक द्रव्य दुरुपयोग निवारण के क्षेत्र में कार्यरत चयनित सेवा प्रदाता	2 लाख
4.	कार्यनीतिक परामर्श	3	75	संबंधित राज्य/केन्द्रीय विभागों सहित सिविल सोसायटी और सरकारी क्षेत्र, दोनों का प्रतिनिधित्व करनेवाले हितधारक	6 लाख
	अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	1	25	सार्क क्षेत्र के सदस्य देशों से गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि	4 लाख
	कुल	**6**	**150**		**46 लाख**

राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान की सहायता से सहयोगी एजेंसियों द्वारा आयोजित पाठ्यक्रम

क्र. सं.	कार्यक्रम	पाठ्यक्रमों की सं0	लाभार्थियों की सं0	लाभार्थियों की श्रेणी	सहायता राशि (लाख रू0 में)
1.	एक माह का पाठ्यक्रम				
2.		9	225	आईआरसीए / उपचार केन्द्रों के समाज सेवक, सलाहकारों, आउटरीच श्रमिकों नर्सों, वार्ड ब्वॉय सहित कार्यकर्ता / सेवा प्रदाता	56.71 लाख
3.	मादक द्रव्य दुरुपयोग निवारण संबंधी चयनित मुद्दों पर 3 से 5 दिन का विशेष पाठ्यक्रम	31	775	– तदैव–	57.81 लाख
	प्रषिक्षण की आवष्यकताओं के आकलन (टीएनए) पर आधारित 2–दिवसीय उन्मुखी पाठ्यक्रम	36	900	विभिन्न युवा और महिला समूह, पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई), नेहरू युवा संगठन, राष्ट्रीय सेवा स्कीम, कल्याण, स्वास्थ्य प्रवर्तन एजेंसियों के प्रतिनिधि, आंगन वाडी कार्यकर्ता, शिक्षक आदि।	24.78 लाख
	कुल	**76**	**1900**		**139.3**

2.3. वृद्धावस्था देखभाल

(i) संस्थान द्वारा गैर सरकारी संगठनों और सरकारी पदाधिकारियों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण और सुग्राहीकरण कार्यक्रम किए जाते हैं। वर्ष के दौरान, इस क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों की सहायता से 135 कार्यक्रमों के जरिये 4909 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। इस प्रयोजन के लिए 2.51 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई। स्वयं संस्थान द्वारा आयोजित आठ पाठयक्रमों और राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (एनआईएसडी) की मदद से सहयोगी एजेंसियों द्वारा आयोजित 127 पाठ्यक्रमों का विवरण नीचे दिया गया है:

राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम

क्र. सं.	कार्यक्रम	पाठ्यक्रमों की सं0	लाभार्थियों की संख्या	लाभार्थियों की श्रेणी
प्रमाण पत्र कोर्स				
1.	एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा (उदघोषणा और कैट)	1	12	सामान्य प्रवेष परीक्षा (कैट) के आधार पर न्यूनतम स्नातक छात्र
2.	वृद्धजन की देखभाल में मूलभूत मुद्दों पर छह माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	1	17	10वीं उत्तीर्ण छात्र

क्र. सं.	कार्यक्रम	पाठ्यक्रमों की सं0	लाभार्थियों की संख्या	लाभार्थियों की श्रेणी
3.	वृद्धजन की देखभाल में मूलभूत मुद्दों पर एक माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	1	30	गैर सरकारी संगठन
4.	वृद्धजन देखभाल संस्थानों के न्यूनतम मानक तय करने के संबंध में राष्ट्रीय कार्यशाला	1	30	गैर सरकारी संगठन, सहयोगी और आरआरटीसी
5.	वृद्धजन परामर्ष पर पांच दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम	1	30	गैर सरकारी संगठन के पदाधिकारी और वृद्धावस्था गृह का स्टाफ
6.	अंतर पीढ़ी सोच को पाटने के लिए एक दिवसीय सुग्राहीकरण कार्यक्रम	2	60	विद्यालयों/महाविद्यालयों के शिक्षक/ परामर्षदाता/ छात्र कल्याण प्रतिनिधि
7.	स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर एक दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम	1	30	वरिष्ठ नागरिक फोरम, निवासी कल्याण एसोसिएशन और गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारी
	कुल	**8**	**209**	

राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान की सहायता से सहयोगी एजेंसियों द्वारा वित वर्ष 2011–12 में आयोजित पाठ्यक्रम

क्र. सं .	कार्यक्रम	पाठ्यक्रमों की सं0	लाभार्थियों की सं0	लाभार्थियों की श्रेणी
प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम				
	एकीकृत वृद्धजन देखभाल में छह माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	6	180	10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी
	केयरटेकर्स/बैड एसिस्टेंट/ग्रामीण महिलाओं/मैनुअल सफाईकर्मी व अन्य के लिए तीन– माह का मूल पाठ्यक्रम	6	180	7वीं उत्तीर्ण छात्र
	वृद्धजन देखभाल के मूल मुद्दों पर एक माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	8	240	गैर–सरकारी संगठनों के पदाधिकारी
	विषयक क्षमता निर्माण कार्यक्रम			
		11	460	इस क्षेत्र में कार्यरत सरकारी और गैर–सरकारी संगठनों के पदाधिकारी
	कार्यनीतिक परामर्श	6	260	––
	वरिष्ठ नागरिकों के लिए समुदाय प्रशिक्षण	90	3380	निवासी कल्याण एसोसिएशन, गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारी, स्थानीय नेता आदि
	कुल	**127**	**4700**	

(ii) अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (आईडीओपी) का आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (आईडीओपी) के अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालयए भारत सरकार द्वारा समाज रक्षा संस्थान और हैल्प एज इंडियाए नई दिल्ली के सहयोग से इंडिया गेट लॉनए नई दिल्ली में 1 अक्टूबर, 2011 को ''इंटर जेनेरेशनल वॉकाथन'' का आयोजन किया गया। वॉकाथन को श्री मुकुल वासनिकए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

संस्थान द्वाराए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से श्री सत्य साईं अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र, प्रगति विहार, लोधी रोड, नई दिल्ली में वयोश्रेष्ठ सम्मान, 2011 का आयोजन किया। इस अवसर पर, श्री गुलाम नबी आजाद, माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण केंद्रीय मंत्री मुकुल वासनिकए सामाजिक न्याय और अधिकारिता और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता केंद्रीय मंत्रीए श्री डी. नेपोलियनए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने वृद्धजन की देखभाल में उनके योगदान को मान्यता प्रदान करते हुए छह जाने – माने वरिष्ठ नागरिकों और चार संस्थाओं को वयोश्रेष्ठ, 2011 सम्मान प्रदान किया। सम्मान की श्रेणी में सर्वोत्तम सेवा संस्थान और ज्ञान संस्थान, सर्वोत्तम पंचायत और सृजन कला श्रेणी में खिलाड़ी, शतवर्षीय पुरस्कार तथा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार शामिल है।

2.4. समाज रक्षा संबंधी अन्य मुद्दे

समाज रक्षा प्रभागए आमतौर पर बाल संरक्षणए भिक्षावृत्ति निवारण और समाज रक्षा से संबंधित मुद्दों पर सरकारीध्गैर सरकारी संगठन के कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण/सुग्राही कार्यक्रमों का आयोजन करता है। वर्ष के दौरानए विभाग ने 33 प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यनीतिक परामर्श के माध्यम से 1224 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया। इस प्रयोजन के लिए 88 लाख रुपये खर्च हुए। संस्थान द्वारा आयोजित पाठ्यक्रम और राज्य विभागों/समाज सेवा संस्थानों/ अन्य संगठनों के सहयोग से राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान द्वारा आयोजित पाठ्यक्रम का विवरण नीचे दिया गया है:

राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान द्वारा 2011–12 में आयोजित पाठ्यक्रम

क्र. सं.	कार्यक्रम	पाठ्यक्रमों की सं0	लाभार्थियों की संख्या	लाभार्थियों की श्रेणी	व्यय (लाख रू0 में)
1	समाज रक्षा पर एक माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम	2	58	समाज रक्षा के क्षेत्र में कार्यरत सरकारी/गैर सरकारी संगठनों के कार्यकर्ता/ समाज सेवक/व्याख्यानदाता/ रीडर	20.00
2	मादक द्रव्य दुरूपयोग ग्रस्त बच्चों पर तीन दिवसीय कार्यक्रम	1	40	सरकारी/ गैर– सरकारी संगठनों के पदाधिकारी	2.00
3	भिक्षावृत्ति पर उप–समूह बैठक	3	46	केन्द्रीय और राज्य सरकार के प्रतिनिधि/विषेषज्ञ व्यक्ति	3.00
	कुल	**6**	**144**		**25.00**

राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान की सहायता से सहयोगी एजेंसियों द्वारा वर्ष 2011–12 में आयोजित पाठ्यक्रम

क्र. सं.	कार्यक्रमों का नाम	पाठ्यक्रमों की सं0	लाभार्थियों की सं0	लाभार्थियों की श्रेणी	सहायता राशि (लाख रू0 में)
1	समाज रक्षा पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सुग्राहीकरण कार्यक्रम	4	160	संबंधित राज्य सरकार/ गैर सरकारी संगठन/ पंचायत/ संस्थाओं के कार्यकर्ता	8.00
2	समाज रक्षा पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	3	120	राज्य पुलिस विभागों के मध्य स्तरीय पुलिस पदाधिकारी	6.00
3	समाज रक्षा पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	2	80	समाज सेवा विभागों के व्याख्यानदाता / रीडर / फील्ड वर्क पर्यवेक्षक और पेषेवर समाज सेवक	4.00
4	मादक द्रव्य दुरूपयोग और एचआईवी/एड्स से प्रभावित बच्चों की विशेष देखभाल पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यक्रम	8	320	सरकारी / गैर सरकारी संगठन के सम्बंधित पदाधिकारी	16.00
5	भिक्षावृत्ति रोकथाम पर तीन दिवसीय कार्यक्रम	1	40	सरकारी/गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारी	2.00
6	स्ट्रीट शिक्षकों के लिए काउंसिलिंग कौशल पर पांच दिवसीय क्षेत्रीय स्तर प्रशिक्षण कार्यक्रम	9	360	समाज सेवक और गैर सरकारी संगठनों के परामर्शदाता	27.00
		27	**1080**		**63.00**

वर्ष 2011–12 के दौरान आयोजित कार्यक्रमों का ब्यौरा अनुबंध– IX पर है।

वित्तीय वर्ष के दौरान, डॉ. आर गिरिराज, उप निदेषक (एसडी) को श्रीमती संगीता गैरोला, आईएएस, अपर सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अध्यक्षता में बारहवीं पंचवर्षीय योजना 2012–17 बनाने के लिए समाज कल्याण पर कार्य समूह के हिस्से के रूप में भिक्षावृत्ति संबंधी उप–समूह का सदस्य चुना गया था। एसडी प्रभाग ने डॉ. जुबेर मीनाई, विभागाध्यक्ष, समाज रक्षा विभाग, जामिया मिलिया विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में भिक्षावृत्ति पर विज्ञान भवन में क्रमशः 30.05. 2011, 24.06.2011 और 14.07.2011 को अलग–अलग तारीखों में तीन उप–समूह बैठकों का आयोजन किया। विभिन्न बैठकों में किए गए विचार–विमर्ष और क्षेत्र में किए गए कार्य के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर मंत्रालय को प्रस्तुत की गई थी जिसमें 914 बिलियन रूपए का कुल बजट था।

अध्याय 3

प्रशासन और वित्त

3.1 संगठन और प्रबंधन

संस्थान कार्यप्रणाली को सुसाध्य बनाने और सौहार्दपूर्ण कार्य वातावरण सृजित करने के लिए संगठन और प्रबंधन में बहु–स्तरीय सहायता संरचना है।

आम परिषद (जीसी), संस्थान का सर्वोच्च नियामक निकाय है जिसमें सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय इसके पदेन अध्यक्ष हैं। संस्थान की आम परिषद को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिनांक 26.03.2008 के आदेश संख्या 15–41(6)/–07–08–एजी–II के द्वारा दो वर्ष के लिए पुनर्गठित किया गया था जिसका गठन अनुबंध–II पर दिया गया है। संस्थान के बहिर्नियम के अनुसार, वर्ष में कम से कम एक बार आम परिषद की बैठक होनी चाहिए। इस वर्ष के दौरान, 2 अगस्त, 2011 को आम परिषद की बैठक आयोजित की गई।

जबकि आम परिषद व्यापक और आवश्यक नीतिगत मानदण्ड तय करती है, कार्यकारी परिषद (ईसी) संस्थान की गतिविधियों और कार्यक्रमों का नियंत्रण और मार्गदर्शन करती है। कार्यकारी परिषद के प्रमुख संयुक्त सचिव (समाज रक्षा), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार हैं। संस्थान की कार्यकारी परिषद को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिनांक 26.03.2008 के आदेश संख्या 15–41 (6)/. 7–08–एजी–II के द्वारा दो वर्ष के लिए पुनर्गठित किया गया था जिसका गठन अनुबंध–III पर दिया गया है। संस्थान के बर्हिनियम के अनुसारए हर तिमाही में कार्यकारी परिषद की कम से कम एक बैठक होनी चाहिए लेकिन इस वर्ष के दौरान, 20 मई, 2011, 19 जून, 2011, 26 जून, 2011, 26 जुलाई, 2011, 19 अगस्त, 2011, 9 दिसंबर, 2011 और 19 मार्च, 2012 को कार्यकारी परिषद की छह बैठकें आयोजित की गईं।

संस्थान बहुत से प्रशिक्षण कार्यक्रम और अनुसंधान गतिविधियां चलाता है। इन गतिविधियों के कार्यान्वयन में विशेषज्ञों और व्यावसायिक मार्गदर्शन सुनिश्चित करने के लिए, निदेशक की अध्यक्षता में संस्थान में एक शैक्षणिक समिति (एसी) है। समाज रक्षा के क्षेत्र में प्रख्यात विशेषज्ञ और संस्थान के संबंधित उप निदेशक इसके सदस्य हैं।

संस्थान में निदेशक की अध्यक्षता में वित्त समिति (एफसी) भी है और संस्थान के उप निदेशक/कार्यक्रम प्रभागों के प्रतिनिधि और संस्थान के लेखाकार इसके सदस्य हैं। वित्त समिति, सामान की खरीद और सेवाएं किराए पर लेने के लिए प्रस्तावों की संवीक्षा और सिफारिश करती है।

पुस्तकालय समिति (एलसी) की अध्यक्षता निदेशक द्वारा की जाती है और प्रभागाध्यक्ष एवं पुस्तकालय सहायक इसके सदस्य हैं। समितिए आवधिक तौर पर, पुस्त्कालय की गतिविधियों की समीक्षा करती है और समयदृसमय पर पुस्तकों की खरीद के लिए प्राधिकृत करती है।

3.2 प्रभाग की संरचना

संस्थान के उप. निदेशक (प्रशासन एवं नियोजनद्ध प्रभाग के प्रशासनिक प्रमुख हैं। प्रभाग का संगठन चार्ट नीचे दिया गया है:



3.3 मानव संसाधन प्रबंधन

वर्ष के दौरान, कोई भर्ती नहीं हुई है।

3.4 अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण

संस्थान द्वारा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए अनिवार्य आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार के निर्देशों का पालन किया जा रहा है। विभिन्न ग्रेडो में इन श्रेणियों में कर्मचारियों की संख्या निम्नानुसार है:

संस्थान के समूह 'क' और 'ख' के संबंध में वर्तमान पदधारियो के नाम और पदनाम अनुबंध IV पर हैं।

क्र. सं.	समूह	31.03.2012 को सामान्य श्रेणी के कर्मचारियों कुल संख्या	अनु.जाति श्रेणी के कर्मचारियों की कुल संख्या	अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के कर्मचारियों की कुल संख्या	अनु. जनजाति श्रेणी के कर्मचारियों की कुल संख्या	विकलांग के कर्मचारियों की संख्या	अल्पसंख्यक श्रेणी के कर्मचारियों की संख्या
1.	समूह 'क'	13	1	1	1	–	1
2.	समूह 'क'	21	2				–
3.	समूह 'क'	16	2	1	2	–	1
4.	समूह 'क'	8	5	1	–	–	–
	कूल	**58**	**10**	**3**	**3**	**–**	**2**

3.5 राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

संस्थान के कामकाज में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, संस्थान के निदेशक की अध्यक्षता में एक राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया है।

1 से 15 सितम्बर, 2011तक "हिन्दी पखवाड़ेष के दौरानए हिन्दी टंकणएनोटिंग और ड्राफ्टिंग, कविता आदि प्रतियोगिताओं सहित बहुत से कार्यक्रम आयोजित किए गए और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को नकद पुरस्कार दिए गए। "हिन्दी पखवाड़ाष के अंत में, राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए संस्थान द्वारा आवश्यक कार्र्वाई के सम्बंध में चर्चा करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

3.6 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयने

संस्थान द्वारा अक्तूबर, 2005 से सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन किया जा रहा है। संस्थान के उपनिदेशक (एसडी), केंद्रीय जन सूचना अधिकारी हैं और निदेशकए अपीलीय प्राधिकारी हैं।

वर्ष 2011–12 के दौरान, 10 आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी आवेदनों का निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर निपटान कर दिया गया था।

3.7 निधियां

संस्थान को मुख्य रूप से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी अनुदान सहायता (जीआईए) के माध्यम से सहायता मिलती है। वर्ष 2011–12 के दौरान, संस्थान को योजना के अंतर्गत 5.00 करोड़ रुपये का सहायता अनुदान प्राप्त हुआ। इसके अलावाए पिछले वर्ष के अनुदान से 4.48 करोड़ रुपये की राशि शेष को आगे लाया गया और सहयोगी भागीदारों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए पूर्व में दिए गए अग्रिमों के अव्ययित शेष की वापसी के रूप में 0.21 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। इस प्रकारए उपयोग के लिए 9.69 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध थीए जिसमें से 6.66 करोड़ रूपये खर्च किए गए और इस प्रकारए वर्ष के अंत में 3.03 करोड़ रुपये शेष रहे जिसे अगले वित्तीय वर्ष के लिए आगे ले जाया जाना है। गैर. योजना के तहत, 1.25 करोड़ रुपए की अनुदान सहायता प्राप्त हुई थी। इसके अलावाए पिछले वर्ष के अनुदान से 1 लाख रुपये की राशि शेष को आगे लाया गया और इस प्रकार, 1.26 करोड़ रुपए की राशि उपयोग के लिए उपलब्ध थी। तथापि 1.12 करोड़ रूपए का उपयोग किया गया जिससे उपयोग में न लाई गई 14 लाख की राषि शेष रह जाती है। वर्ष के दौरान, प्राप्ति और व्यय का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	शीर्ष	राशि	क्र. स	शीर्ष	राशि
1	**योजना**		1		
	प्राप्तियां			**व्यय**	
	आरम्भिक शेष	4.48		i)वेतन व मजदूरी	0.47
	वर्ष 2011–12 के दौरान प्राप्त सहायता अनुदान	5.00		ii) यात्रा भत्ते	0.04
	पूर्व अग्रिम में से व्यय न किए शेष की वापसी	0.21		iii) प्रकाशन	0.02
	उप– योग	9.69		iv) कार्यालय व्यय	0.31
				v) कार्यक्रम	5.82
2	**गैर– योजना**			**उप– योग**	**6.66**
	आरम्भिक शेष	0.01	2		
	वर्ष 2010–11 के दौरान प्राप्त सहायता अनुदान	1.25		i) स्टाफ का वेतन	1.12
	उप– योग	1.26			
	कुल योग	**10.95**		**उप– योग**	**1.12**
				कुल योग	**7.78**
	अंत में शेष				**3.17**

3.8 लेखा और लेखापरीक्षा

चूंकि एक स्वायत्त निकाय के रूप में रूपांतरण के बाद इस संस्थान के लिए मंत्रालय से सहायता अनुदान प्राप्ति का नौवां वर्ष था, लेखा का रख–रखाव, लेखा की एक्रूअल प्रणाली के अनुसार किया गया था जैसाकि संस्थान के उप–कानून में प्रावधान है। संस्थान की वार्षिक खातों की आंतरिक लेखापरीक्षा मैसर्स अरुण सिंह एण्ड कं0 चार्टर्ड एकाउंटेंट्सए लाजपत नगर, नई दिल्ली द्वारा किया गया था। संस्थान के लेखापरीक्षा प्रमाणपत्र और लेखापरीक्षित वार्षिक लेखापरीक्षा पैराओं के उत्तरों की प्रति अनुबंध. XIV पर हैं।

3.9 बकाया लेखा का निपटान

01.04.2002 से 31.03.2004 को आधार के रूप में लेते हुए नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय द्वारा लेखापरीक्षा रिपोर्ट में 31.03.2004 की स्थिति के अनुसार रू0 34 लाख का बकाया अग्रिम निपटान के लिए लंबित था। वर्ष 2004–05 से 2009–10 तक सहयोगी भागीदारों के लिए जारी 22.85 करोड़ रुपये के अग्रिम में से 31.03.2012 की स्थिति के अनुसार, 5.04 करोड़ रूपये की राशि का व्यवस्थापन किया जाना बाकी था। नीचे दी गई तालिका में आज की तारीख तक दिए गए अग्रिमों और व्यवस्थापन हेतु लम्बित खातों की स्थिति दर्शाई गई है।

(करोड़ रूपए में)

वर्ष	जारी अग्रिम की राशि	निपटान के लिए लंबित बकाया अग्रिम
2002–2004	3.65	0.71
2004–05	1.55	023
2005–06	2.20	0.35
2006–07	2.09	0.42
2007–08	2.25	0.64
2008–09	2.36	0.57
2009–10	3.26	0.81
2010–11	1.84	0.65
2011–12	3.65	0.66
कुल	**22.85**	**5.04**

अध्याय 4

मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम

4.1 पृष्ठभूमि

मादक द्रव्यों का दुरुपयोग गंभीर चिंता के विषय के रूप में उभरा है, जिसका देश की शारीरिक और सामाजिक–आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। आधुनिक जीवन के दबाव और तनाव से व्यक्ति मादक द्रव्य दुरुपयोग की समस्या की चपेट में अधिक आ गया है। मादक द्रव्यों की लत से न केवल इसमें शामिल व्यक्ति प्रभावित होता है वरन परिवार और समाज भी काफी हद तक प्रभावित होते हैं।

यूनाइटेड नेशन्स ऑफिस ऑन सब्सटेन्स एण्ड क्राइम (यूएनओडीसी) और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वर्ष 2001–02 में कराए गए एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में यह अनुमान लगाया गया कि लगभग 73.2 मिलियन व्यक्ति एल्कोहल और मादक द्रव्यों का उपयोग कर रहे थे जिनमें से 8.7, 2.0 और 62.5 मिलियन क्रमशः कैनबिसए ऑपिएट्स और एल्कोहल का प्रयोग करते थे। इन तीनों प्रकार के उपयोगकर्ताओं में से क्रमशः लगभग 26 प्रतिशत, 22 प्रतिशत और 17 प्रतिशत को इन पर निर्भर/इनका आदी पाया गया। चूंकि, देश की आबादी को देखते हुएए नमूने का आकार छोटा था (केवल 40,697 पुरुष), सबसे अच्छा है कि इस अनुमान को केवल संकेत के रूप में लिया जाए। सर्वेक्षण से यह भी संकेत मिला कि अन्य पदार्थ जैसे स्वापक/हिप्नोटिक्सए वाष्पशील पदार्थए हैलूसिनोजिन्सए उत्तेजक पदार्थ और दवाओं का भी दुरुपयोग किया जाता है।

कई अन्य अध्ययनों से भी यह संकेत मिला कि परिवर्तनशील प्रचलन और मादक द्रव्य दुरुपयोग की घटनाओं से महिलाओं और बच्चों के बीच मादक पदार्थों के बढ़ते उपयोग और साथ ही नशीली दवाओं के दुरुपयोग में वृद्धि एवं विशेष रूप सेए आवारा बच्चों में इनहेलरों का उपयोग गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है।

नारकोटिक ड्रग्स एण्ड साइकोट्रोपिक सब्सटेन्स अधिनियम, 1985 की धारा 71 में सरकार को नशीली दवाओं के आदी व्यक्तियों की पहचान, उपचार और उनके लिए पुनर्वास केंद्र की स्थापना का अधिकार दिया गया है। नोडल एजेंसी के रूप में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रिवेन्शन ऑफ एल्कोहलिज्म एण्ड सब्सटेन्स (सब्सटेन्सेज) योजना के तहत स्वैच्छिक संगठनों द्वारा चलाए जा रहे एकीकृत व्यसन पुनर्वास केंद्र (आईआरसीए) को सहायता प्रदान की जा रही है। वर्ष 2011–12 के दौरान, इस योजना के तहत 221 गैर सरकारी संगठनों को 262 उपचार केन्द्र चलाने के लिए सहायता प्रदान की गई।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में नेशनल ड्रग डिपेन्डेंस ट्रिटमेंट सेंटर (एनडीडीटीसी); नेशनल इंस्टिटयूट ऑफ मेंटल हैल्थ एण्ड न्यूरोलॉजिकल साइंस (निमहांस), बंगलौर; आरआईएमएस, मणिपुर; केईएम अस्पताल, मुंबई स्थापित किया गया है। मंत्रालय द्वारा देश भर में व्याप्त सरकारी अस्पतालों में 122 नशा मुक्ति केंद्रों को सहायता प्रदान की गई।

जबकि विभिन्न लक्ष्य समूहों के लिए विभिन्न उपायों के माध्यम से बहुत से प्रयास किए जा रहे हैंए मादक द्रव्य दुरुपयोग के बदलते परिदृश्य में प्रभावी सेवा प्रदान करने के लिए मानव संसाधन में संवर्धन और व्यावसायिक प्रशिक्षण की जरूरत है। इस प्रकार, मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम संस्थान के मुख्य विषयों में से एक है।

मादक द्रव्य दुरुपयोग के बढ़ते खतरे और देश पर इसके प्रभाव के मद्देनजरए यह निर्णय लिया गया था कि सितंबर, 1998 में नेशनल सेंटर फोर सब्सटेंस एब्यूज प्रिवेंशन (एनसी–डीएपी) स्थापित कर संस्थान में तत्कालीन ब्यूरो ऑफ सब्सटेंस एब्यूज प्रिवेंशन को एक व्यापक भूमिका प्रदान की जाए। संस्थान का अधिदेश मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम के संबंध में सरकारी नीतियों के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना और मादक द्रव्यों की मांग में कमी लाने के लिए देशभर में सेवाओं की एक व्यापक और बेहतर कवरेज की सुविधा प्रदान करना है।

संस्थान, एनसी–डीएपी के माध्यम से अपनी गतिविधियों का विस्तार करने में सक्षम रहा है और मादक द्रव्य दुरुपयोग के मुद्दों से निपटने के लिए कार्यनीतियां तैयार कर ली है और सेवा प्रदान करने में गुणात्मक सुधार लाता है। प्रशिक्षण और उन्मुखीकरण पाठ्यक्रमों की एक श्रृंखला के माध्यम से इसने सेवा प्रदाताओं की क्षमता निर्माण के लिए एक कार्यनीति तैयार की है। प्रभावी हस्तक्षेप मॉड्यूल और कार्यक्रम तैयार करने के लिएए समस्या का और अधिक गहन अध्ययन करने एवं फील्ड से प्राप्त सूचनाओं के माध्यम से मादक द्रव्य दुरुपयोग के विस्तारए प्रवृत्ति एवं पैटर्न पर जानकारी के संग्रह के लिए अनुसंधान और प्रलेखन गतिविधियों को प्रोत्साहन दिया गया है।

4.2 लक्ष्य और उद्देश्य

संस्थान का प्रयास निम्नलिखित की उपलब्धि करना है:

i. मादक पदार्थ मांग में कमी और अन्य संबंधित क्षेत्रों में कार्यरत पदाधिकारियों/ कार्मिकों की योग्यता के स्तर को ऊपर उठाना;

ii. मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम में देखभाल का मानकीकरण;

iii. मादक द्रव्य दुरुपयोग और हस्तक्षेप के संबंध में स्थानीयए क्षेत्रीयए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार और पैटर्न की जानकारी अद्यतन करना और डेटाबेस तैयार करनाय और

iv. मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम के क्षेत्र में वकालत और नेटवर्किंग को बढ़ावा देना।

4.3 लक्ष्य समूह

संस्थान, मुख्य रूप से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित उपचार और पुनर्वास केन्द्रों में कार्यरत पदाधिकारियों/सेवा प्रदाताओं यथा; परियोजना अधिकारियोंए सलाहकारोंए सामाजिक पदाधिकारियों, आउटरीच पदाधिकारियों, समुदाय श्रमिक, नर्स और वार्ड ब्वॉयों/ केयरटेकरों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करता है। केंद्र द्वारा संबंधित सरकारी विभागों जैसे स्वास्थ्य, युवा मामले, जेलों और सुधारक संस्थानों के प्रतिनिधियों और एचआईवी/एड्स सहित संबंधित क्षेत्रों में गैर–सरकारी संगठनों में कार्यरत पदाधिकारियों के लिए आवशयकता आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है।

4.4 कार्यकलाप

मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम के क्षेत्र में मुख्य गतिविधियां हैं:

i. नशे की मांग में कमी के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों का क्षमता निर्माण;

ii. सूचना अद्यतन करना और उचित डेटाबेस एवं निगरानी प्रणाली की स्थापना;

iii. संपर्क बनाना, परामर्श को सुसाध्य बनाना, और स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मादक द्रव्य की मांग में कमी के क्षेत्र में नेटवर्किंग व्यवस्था को बढ़ावा देना; और

iv. मादक द्रव्यों और शराब के दुरुपयोग और फैले दुष्प्रभावों को नियंत्रित करने हेतु निवारक शिक्षा के कार्यक्रम तैयार करना।

4.5 प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण

संस्थान द्वारा निम्नलिखित तीन आयामी एप्रोच अपनाकर विशिष्ट लक्ष्य समूहों के लिए तैयार बहुत–से कार्यक्रम और प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं:

(i) "नशा– मुक्ति परामर्श और पुनर्वास" पर तीन माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम– पाठ्यक्रम को उपचार.सह– पुनर्वास केंद्रों में कार्यरत परियोजना अधिकारियोंए वरिष्ठ सलाहकार और गैर–सरकारी संगठनों के पदाधिकारियों के लिए तैयार किया गया है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में दो माह का कक्षा में प्रशिक्षण और एक माह चयनित उपचार केन्द्रों में फील्ड प्लेसमेंट शामिल है। पाठ्यक्रम की विस्तृत विषय–सामग्री आठ अभिगम इकाइयों– लत का आधारए काउंसिलिंग उपचार नयाचार, जागरूकता निर्माण और निवारक शिक्षा, पुनर्वासए स्वास्थ्य ह्रास रोकथाम और परिवर्ती देखभाल सेवा और रिकार्ड कीपिंग और प्रलेखन के रुप में है।

(ii) "मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम पर एक माह का बुनियादी पाठ्यक्रम उपचार केन्द्रों में कार्यरत सलाहकारोंए सामाजिक कार्यकर्ताओंए आउटरीच कार्मिकों सहित सेवा प्रदाताओं के ज्ञान का आधार निर्माण करने के लिए डिजाइन किया गया है। पाठ्यक्रम में इंटरैक्टिव सैद्धांतिक सत्र और प्रतिष्ठित उपचार केन्द्रों में एक सप्ताह का क्षेत्र प्लेसमेंट शामिल है। पाठ्यक्रम की विस्तृत विषय–सामग्री हैं– व्यसन की आधारभूत बातेंए प्रेरणा और परामर्शए समुदाय आधारित हस्तक्षेपए आउटरीच और जागरूकता निर्माण।

(iii) विषयक कौशल निर्माण कार्यक्रम– इस श्रेणी के तहत, निम्न दो से पांच दिवसीय कार्यक्रम चलाए जाते हैं:

- **नशे की लत की पहचान, प्रारंभिक प्रेरणा और आरंभिक हस्तक्षेपः** सेवा प्रदाताओं को रोगसूचक व्यवहारए शुरुआत में पहचान और प्रारंभिक चेतावनी संकेतों के बारे में उन्मुखीकरण के लिए ताकि वे शीघ्र हस्तक्षेप के लिए आवश्यक तकनीक से सुसज्जित हो।
- **व्यसन में परामर्श. व्यक्ति, परिवार और समूहः** नशे की मांग में कमी के क्षेत्रों में कार्यरत परामर्शकों को प्रशिक्षित करने के लिए ताकि उनके ज्ञान के आधार का विस्तार हो और वे व्यक्ति, समूह और परिवार को परामर्श देने के अपने कौशल में प्रखरता लाएं।
- **उच्च जोखिम वाले समूहों के लिए निवारक हस्तक्षेपः** उच्च जोखिम वाले समूहों जैसे ट्रक ड्राइवरोंए व्यावसायिक यौन कार्यकर्ताओं आदि के साथ कार्यरत सेवा प्रदाताओं को व्यवहारगत परिवर्तन संचार (बीसीसी) से संबंधित मुद्दों पर सुग्राही करना।
- **मादक द्रव्य दुरुपयोग के संबंध में अनुसंधानए तीव्र आकलन और निगरानीः** मादक द्रव्य दुरुपयोग के संबंध में अनुसंधानए तीव्र आकलन और निगरानी की प्रासंगिकताए कार्यक्षेत्र और विषय–सामग्री के बारे में नियोजन हस्तक्षेप कार्यनीति के प्रमाण प्राप्त करना।
- **सह निर्भरता और पारिवारिक मुद्दों का प्रबंधनः** सलाहकारों/सामाजिक कार्यकर्ताओं को व्यसनी के परिवार और सह.आश्रितों सहित अन्य महत्वपूर्ण लोगों के साथ प्रभावी ढंग निपटने में सक्षम बनाने के लिए।
- **पुनर्वास और स्वास्थ्य में गिरावट की रोकथाम– मुद्दे और मोडेलिटीः** सेवा प्रदाताओं करे पुनर्वास और स्वास्थ्य में गिरावट की रोकथाम के कार्यक्रम तैयार करने और उनके कार्यान्वयन के लिए।
- **मादक द्रव्य दुरुपयोग और एचआईवी/एड्स की रोकथाम और प्रबंधनः** सेवा प्रदाताओं को मादक द्रव्य के उपयोगकर्ताओं को एचआईवी/एड्स की रोकथाम के क्षेत्र में उन्मुखीकरण और उसकी जानकारी प्रदान करने के लिए।
- **कार्यस्थल पर शराब और मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथामः** संगठनों/ उद्यमों/ उद्योगों के साथ सुग्राही कॉर्पोरेट हाऊसों के श्रम कल्याण अधिकारियों और उपचार एवं पुनर्वास केन्द्र में कार्यरत परियोजना अधिकारियों/वरिष्ठ सलाहकारों को सुग्राही बनाना।
- **युवा समन्वयकों हेतु लर्निंग पैकः** नशे और शराब सेवन की रोकथाम पर राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस), नेहरू युवा केन्द्र (एनवाईके) के युवा समन्वयकों के लिए बनाया गया है।

- **जेलों/सुधारात्मक संस्थाओं में व्यसनी का उपचार और पुनर्वास:** जेलों/सुधारात्मक संस्थाओं में कार्यरत मध्यम स्तर के पदाधिकारियों को नशे और एल्कोहल के दुरुपयोग की रोकथाम के मुद्दों के बारे में सुग्राही और सशक्त बनाना।
- **व्यसन प्रबंधन का प्रलेखन–आकलन, ग्राहक रूपरेखा, रिकॉर्डिंग और प्रलेखन:** कार्यक्रम की गतिविधियों का उचित रिकार्ड और प्रलेखन सुनिश्चित के लिए कार्यक्रम
- **प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी):** उपचार–सह– पुनर्वास केन्द्रों द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रम गतिविधियों के लिए बुनियादी कौशल और समझ विकसित करने के लिए कार्यक्रम ।
- **टीएनए (प्रशिक्षण की जरूरत का आकलन) आधारित उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम:** आरआरटीसी के परिचालन क्षेत्रों में आवश्यकता के आकलन पर आधारित चयनित विषयगत मुद्दों पर पाठ्यक्रम।

(iv) कार्यनीतिक परामर्श

संस्थान संस्तुत कार्रवाई के लिए कार्यनीति तैयार करने के लिए विभिन्न पणधारकों के साथ कार्यनीतिक विचार–विमर्श का आयोजन भी करता है ताकि विभिन्न भागीदारों के साथ चल रहे कार्यक्रमों में तालमेल लाया जा सके।

संस्थान क्षेत्रीय विस्तार केन्द्र का कार्य करने वाले देश के विभिन्न भागों में स्थित आठ क्षेत्रीय संसाधन और प्रशिक्षण केन्द्रों (आरआरटीवीद्ध के साथ वार्षिक परामर्शदात्री बैठक का आयोजित भी करता है। प्रचालन स्तर पर उभरती प्रवृत्तियोंए प्रमाण और प्राप्त अनुभव के आधार पर कार्यनीतिक मुख्य हस्तक्षेपों के लिए एनसी–डीएपी और आरआरटीसी की गतिविधियों की योजना बनाने के लिए इस परामर्शदात्री बैठक का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है।



4.6 वर्ष के दौरान किए गए कार्यक्रम:

वर्ष के दौरान 83 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम/सुग्राहीकरण कार्यक्रम/परामर्श कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 2075 व्यक्ति कवर किए गए।

वर्ष के दौरान आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत सूची अनुबंध–V पर है।

4.7 मादक दवा दुरुपयोग निगरानी प्रणाली (डीएएमएस):

मादक दवा दुरुपयोग निगरानी प्रणाली (डीएएमएस) एक ऑनलाइन डेटा बेस है, जिसमें देश में मादक द्रव्य के दुरुपयोग के रुझान को समझने के लिए एक त्रैमासिक आधार पर मादक के प्रकार, उपभोग विधि, नशा.मुक्ति केंद्रों पर इलाज के आकांक्षियों के नैदानिक और सामान्य प्रोफ़ाइल के संबंध में डाटा एकत्रित किया जाता है। यह प्रणाली मौजूदा हस्तक्षेप को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए है और यह नशाखोरी के परिवर्तनशील उपभोग व्यवहार में उपयुक्त निवारक कार्यनीति तैयार करने के लिए उपयोगी होगी।

तथापि, वर्ष के दौरान, प्रतिभागी उपचार केन्द्रों से अपर्याप्त प्रतिक्रिया के कारण उपचार के इच्छुक लोगों में मादक द्रव्य दुरुपयोग के विस्तारए प्रवृत्तियों व पैटर्न संबंधी उचित डाटा को क्रमबद्ध नहीं किया जा सका।

4.8 क्षेत्रीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केन्द्रों (आरआरटीसी) के माध्यम से आउटरीच/प्रोत्साहक कार्यकलाप

आरआरटीसी के रूप में निर्दिष्ट दस गैर–सरकारी संगठनों को क्षेत्रीय स्तर पर उपचार और परामर्श केन्द्रों के सेवा प्रदाताओं को उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु सहायता प्रदान की गई थी। यह देश के आकार और क्षेत्रीय विविधताओं की दृष्टि से वांछनीय और व्यावहारिक माना जाता है जिसके लिए विशिष्ट कार्यनीतियों की जरूरत है।

इसके अलावाए आरआरटीसी मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम के क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों को निम्नलिखित सेवाएं भी प्रदान करते हैं:

- गैर सरकारी संगठनों की सभी गतिविधियों, सूचना शिक्षा संचार (आईईसी) सामग्री तैयार करने सहित, का प्रलेखन।

- मादक द्रव्य दुरुपयोग कार्यक्रमों का समर्थन, अनुसंधान और निगरानी करना।
- गैर–सरकारी संगठनों, समुदाय आधारित संगठन और उद्यमों को तकनीकी सहायता।

निम्न तालिका में क्षेत्र.वार आरआरटीसी के साथ ही उनके द्वारा कवर राज्यों सहित उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या दर्शाई गई है।

क्र.सं.	क्षेत्र	आरआरटीसी का नाम	कवर राज्यों / संघ राज्य क्षेत्र / क्षेत्र का नाम	नशा–मुक्ति केन्द्रों की सं0
1.	उत्तरी जोन	सोसायटी फोर प्रोमोशन ऑफ यूथ एण्ड मासेज (एसपीवाईएम), नई दिल्ली	दिल्ली, हरियाणाए उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़	87
2.	उत्तरी जोन–II	सामुदायिक विकास हेतु गुंजन संगठन	हिमाचल प्रदेश जम्मू और कश्मीर पंजाब	4
3.	पूर्वी जोन –I	कोलकाता स्मारिटनए कोलकाता	बिहारए झारखंड, सिक्किम, दार्जिलिंग	15
4ण	पश्चिमी जोन–I	मुक्तांगन मित्र, महाराष्ट्र	छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात मध्यप्रदेश (ग्वालियर को छोड़कर), महाराष्ट्र, दादरा एवं नागर हवेली दमन और दीव	64
5	पश्चिमी जोन–II	अफीम नशा–मुक्ति उपचार प्रशिक्षण और अनुसंधान न्यास	राजस्थान, गुजरात	20
6.	दक्षिण प्रदेश–II	टीटीके रंगनाथन क्लिनिकल रिसर्च फाउंडेशन, तमिलनाडु	आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, लक्षद्वीप, पुदुचेरी	43
7.	दक्षिण जोन -II	चंगनचेरी सोसल सर्विस सोसायटी	कर्नाटक, केरल	42
8.	पूर्वोत्तर जोन -II	गैलेक्सी क्लबए मणिपुर	असम, मणिपुर	27
9.	उत्तर पष्चिमी जोन -II	कृपा फाउंडेशनए नागालैंड	अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नगालैंड	10
10.	उत्तर दक्षिणी जोन -III	मिजोरम समाज रक्षा और पुनर्वास बोर्ड (एमएसआरडीबी), मिजोरम	मिजोरम, उत्तरी त्रिपुरा	10
कुल				**347**

4.8.1 आरआरटीसी द्वारा वर्ष के दौरान किए गए कार्यकलाप:

(i) सोसायटी फोर प्रोमोशन ऑफ यूथ एण्ड मासेज, आरआरटीसी, उत्तरी जोन–I ने संस्थान की वित्तीय सहायता से वर्ष के दौरान निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया।

- केन्द्र अपने क्षेत्र के तहत 5 राज्यों को कवर करत है जिनमें 65 नशा मुक्ति केंद्र हैं।
- मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम पर बुनियादी मुद्दों पर 2 एक माह के प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, चयनित विषयगत मुद्दों 5 दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, नर्सों और वार्डब्वॉयस के लिए एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

और टीएनए; प्रशिक्षण की आवश्यकता का आकलन) पर आधारित 2 दिवसीय सुग्राहीकरण कार्यक्रम,

इसके अलावाए सोसायटी फोर प्रोमोशन ऑफ यूथ एण्ड मासेज, आरआरटीसी उत्तरी क्षेत्र ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया;

- उपचार केन्द्र में 60 फील्ड दौरे किए।
- 445 लाभार्थियों के लिए 14 प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए।
- विभन्नि लक्ष्य समूहों के लिए 5 सुग्राहीकरण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 175 प्रतिभागियों को कवर किया गया।
- मादक द्रव्य दुरुपयोग के बुरे प्रभावों के बारे में बच्चोंए युवाए और अभिभावकों को शिक्षित करने के लिए आईईसी सामग्री तैयार की गई।

(ii) **कोलकाता स्मारिटन, आरआरटीसी पूर्वी जोन –II** ने संस्थान की वित्तीय सहायता से वर्ष के दौरान, निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया:

- केन्द्र के अपने क्षेत्र के तहत 4 राज्य कवर होते हैं जिनमें 15 नशा मुक्ति केंद्र शामिल हैं।
- मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम के बुनियादी मुद्दों पर एक 1 माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, चयनित विषयगत मुद्दों पर तीन 5 दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रमए नर्सों और वार्ड ब्वायज के लिए एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और टीएनए आधारित दो– 2 दिवसीय सुग्राही कार्यक्रम ।
- इसके अलावा, कोलकाता स्मारिटनए आरआरटीसी पूर्वी जोन –II ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया:
- अपने क्षेत्राधिकार के तहत सभी उपचार केन्द्रों का दौरा किया। आवश्यकता के आधार पर कुछ केन्द्रों का दो–तीन बार दौरा किया गया। दौरों के दौरान उपचार केन्द्रों का प्रशिक्षण आवश्यकता आकलन (टीएनए) किया गया।
- 13 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 232 लाभार्थियों ने शिरकत की।
- एम्स, नाको एनसीबी, यूएन एडस, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालयए झारखंड सरकारए पॉजिटिव महिला नेटवर्क के साथ नेटवर्क बनाया।
- मादक द्रव्य दुरुपयोग पर विभिन्न आईईसी सामग्री, पुस्तिका, पर्चे तैयार किए।

(iii) **मुक्तांगन मित्र, आरआरटीसी, पश्चिमी जोन–** ने संस्थान की वित्तीय सहायता से वर्ष के दौरान, साथ निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया:

- केन्द्र के तहत 7 राज्य हैं जिनमें 64 नशा मुक्ति केंद्रों को शामिल किया गया।
- मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम पर एक 1 माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, चयनित विषयगत मुद्दों पर तीन 5 दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, नर्सों और वार्ड ब्वॉय के लिए 1 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और टीएनए पर आधारित 2 दिवसीय सुग्राहीकरण कार्यक्रम और जेल अधिकारियों के लिए एक 1–दिवसीय सुग्राहीकरण कार्यक्रम ।

इसके अलावाए मुक्तांगन मित्र, आरआरटीसी, पश्चिमी जोन– द्वारा वर्ष के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन भी किया गया:

- प्रशिक्षण की आवश्यकता के आकलन (टीएनए) के लिए विभिन्न उपचार केंद्रों के 43 दौरे किए थे।
- 22 समर्थक (एडवोकेसी), जागरूकता, रोकथामए और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान के सहयोग से गैर. सरकारी संगठनों के लिए 11 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम पर एक महाराष्ट्र राज्य पुलिस विभाग के साथ सहयोग से एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- सीआरपीएफ के लिए शराब सेवन की रोकथाम और जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया।
- पीअर एजुकेटरों/ आउटरीच कार्यकर्ताओं के लिए क्षति कम करने पर कार्यशालाएं आयोजित की।
- कॉर्पोरेट क्षेत्र के लिए कार्य स्थल पर नशाखोरी की रोकथाम पर कार्यक्रम आयोजित किए गए और कर्मचारियोंए परिवारों और ज्ञात नशाखोरों के लिए सत्रों का आयोजन किया गया।

(iv) टी.टी. रंगनाथन क्लिनिकल रिसर्च फाउंडेशन, आरआरटीसी, दक्षिण जोन –I ने संस्थान की वित्तीय सहायता से वर्ष के दौरान, साथ निम्नलिखित

गतिविधियों का आयोजन किया:

वर्ष के दौरान संस्थान की वित्तीय सहायता के साथ निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया:

- केन्द्र के तहत 2 राज्य और 2 संघ राज्य क्षेत्र आते हैं जिनमें 43 नशा मुक्ति केंद्र हैं।
- मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम के बुनियादी मुद्दों पर एक– माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, चयनित विषयगत मुद्दों पर 5– दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, नर्सों और वार्डब्वायज हेतु एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, टीएनए आधारित दो 2–दिवसीय सुग्राहीकरण कार्यक्रम।

इसके अलावाए टीटी रंगनाथन क्लिनिकल रिसर्च फाउंडेशन, आरआरटीसी, दक्षिण जोन – ने वर्ष के दौरान, साथ निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया:

- 43 उपचार केन्द्रों का दौरा किया।
- 12 ऑनसाइट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया और इनमें एल्कोहलिक्स एनोनिमस (एए) कार्यक्रम, समूह थेरेपी और उपचार कार्यक्रम संरचना विषयों को कवर किया गया था
- क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों के लिए 11 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिससे 247 प्रतिभागियों को लाभ हुआ।
- विभिन्न लक्ष्य समूहों जैसे कि स्कूल और कॉलेज के शिक्षक और छात्रों, यौनकर्मियों, सलाहकारों, मजदूरों, (16 कार्यक्रमों में 589 प्रतिभागियों) के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- विभिन्न लक्ष्य समूहों जैसेकि स्कूल के शिक्षकों और छात्रों के लिए 60 प्रषिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- गैर सरकारी संगठन श्अरुणोदयश के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए कुछ कार्यक्रम आयोजित किए गए।

(v) गैलेक्सी क्लब, आरआरटीसी, उत्तर पूर्वी जोन –I- ने संस्थान की वित्तीय सहायता से वर्ष के दौरान, साथ निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया:

- केन्द्र के अपने क्षेत्र के अंतर्गत 2 राज्य आते हैं जिनमें 27 नशा मुक्ति केंद्रों को शामिल किया गया।
- मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम के बुनियादी मुद्दों एक 1– माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, चयनित विषयगत मुद्दों पर तीन 5– दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, नर्सों और वार्ड ब्वायज हेतु एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, और टीएनए पर आधारित दो 2–दिवसीय सुग्राहीकरण कार्यक्रम।

इसके अलावा, गैलेक्सी क्लब, आरआरटीसी, उत्तर पूर्वी जोन–I ने वर्ष के दौरान, निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन भी किया:

- 42 उपचार केन्द्रों के लिए क्षेत्र का दौरा किया गया। जरूरत के अनुसारए कुछ केन्द्रों का दो बार या तीन बार दौरा किया गया ।
- 10 प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- राज्यों में विभिन्न लक्ष्य समूहों के लिए 26 जागरूकता/ समर्थक ;एडवोकेसीद्ध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- मादक द्रव्य दुरुपयोग के बुरे प्रभावों के बारे में बच्चों, युवा, और अभिभावकों को शिक्षित करने के लिए आईईसी सामग्री के लिए तैयार और वितरित की गई।

(vi) कृपा फाउंडेशन, आरआरटीसी, उत्तर–पूर्वी जोन–II ने संस्थान की वित्तीय सहायता से वर्ष के दौरान, साथ निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया:

- केन्द्र के अपने क्षेत्र के अंतर्गत 2 राज्य आते हैं जिनमें 10 नशा मुक्ति केंद्रों को शामिल किया गया।
- मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम के बुनियादी मुद्दों एक 1– माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, चयनित विषयगत मुद्दों पर 5– दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रमए नर्सों और वार्ड ब्वायज हेतु एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और टीएनए पर आधारित दो 2–दिवसीय सुग्राहीकरण कार्यक्रम।

इसके अलावा, कृपा फाउंडेशन, आरआरटीसी, उत्तर–पूर्वी जोन–II ने वर्ष के दौरान, निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन भी किया:

- केन्द्र के अपने क्षेत्र के अंतर्गत 3 राज्य आते हैं जिनमें

10 नशा मुक्ति केंद्रों को शामिल किया गया।

- मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम के बुनियादी मुद्दों एक 1– माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, चयनित विषयगत मुद्दों पर 5– दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, नर्सों और वार्ड ब्वायज हेतु एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, और टीएनए पर आधारित 2–दिवसीय सुग्राहीकरण कार्यक्रम।
- उपचार केन्द्रों के 16 दौरे किए गए। जरूरत के अनुसारए कुछ केन्द्रों का दो बार या तीन बार दौरा किया गया। दौरे के दौरान, उपचार केन्द्रों पर प्रशिक्षण की आवश्यकता का आकलन (टीएनएद्ध भी किया गया।
- 11 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिनमें 359 लाभार्थियों ने भाग लिया।

(vii) **मिजोरम समाज रक्षा और पुनर्वास बोर्ड, मिजोरम, आरआरटीसी, उत्तर– पूर्वी जोन -III** ने संस्थान की वित्तीय सहायता से, वर्ष के दौरान, निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया:

- केन्द्र के क्षेत्र के अंतर्गत 2 राज्य आते हैं जिनमें 10 नशा मुक्ति केंद्रों को शामिल किया गया।
- मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम के बुनियादी मुद्दों एक 1– माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, चयनित विषयगत मुद्दों पर दो 5– दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, नर्सों और वार्ड ब्वायज हेतु एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, और टीएनए पर आधारित दो 2–दिवसीय सुग्राहीकरण कार्यक्रम।

इसके अलावाए मिजोरम समाज रक्षा और पुनर्वास बोर्ड, मिजोरम, आरआरटीसी,उत्तर– पूर्वी जोन–III ने वर्ष के दौरान, निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन भी किया:

- राज्य एडस नियंत्रण सोसायटी के तहत क्षमता निर्माण हेतु लक्षित हस्तक्षेप का कार्यान्वयन करने वाले उपचार केन्द्रों व गैर–सरकारी संगठनों के 39 क्षेत्र दौरे किए गए। अनुवर्ती दौरे भी किए गए।
- मिजोरम में मादक द्रव्य दुरुपयोग व शराबखोरी की समस्या की समस्या की सीमा के आकलन के लिए सर्वेक्षण आयोजित किया गया।
- अच्छी गुणवत्ता वाली सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए मादक द्रव्य दुरुपयोग व शराबखोरी के क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।
- राज्यों में विभिन्न लक्ष्य समूहों के लिए जागरूकता/वकालत (एडवोकेसी) कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- मिजोरम राज्य में अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दिवस के विषय का संदेश प्रसारित करने के लिए मिजोरम राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी (एमएसएसीएस), उत्पाद शुल्क और आइज़ोल थंडर (बुलेट 'बाईकर्स क्लब') के सहयोग से कुलीकांव से बांगकांव तक एक दुपहिया वाहन रैली का आयोजन किया गया। डा. लालजामा, माननीय मंत्रीए उत्पाद शुल्क विभाग, भारत सरकार ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।
- मादक द्रव्य दुरुपयोग के दुष्प्रभावों के बारे में बच्चों, युवा, और माता पिता को शिक्षित करने के लिए वीडियो फिल्मों का इस्तेमाल किया गया। निवारक उपाय के हिस्से के रूप में आम जनता के बीच पोस्टर, पर्चे और पुस्तिकाएं वितरित किए गए।

(viii) **चंगनचेरी, आरआरटीसी दक्षिण जोन– II** ने संस्थान की वित्तीय सहायता से वर्ष के दौरान, निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया:

- केन्द्र के अपने क्षेत्र के अंतर्गत 2 राज्य आते हैं जिनमें 42 नशा मुक्ति केंद्रों को शामिल किया गया।
- चयनित विषयगत मुद्दों पर दो 5– दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रमए नर्सों और वार्डब्वायज हेतु एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और टीएनए पर आधारित 2–दिवसीय सुग्राहीकरण कार्यक्रम।
- राज्य एडस नियंत्रण सोसायटी के तहत क्षमता निर्माण हेतु लक्षित हस्तक्षेप का कार्यान्वयन करनेवाले केन्द्रों व गैर–सरकारी संगठनों के 26 क्षेत्र दौरे किए गए। अनुवर्ती दौरे भी किए गए।
- विभिन्न लक्ष्य समूहों के लिए 7 जागरुकता/एडवोकेसी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

(ix) गुंजन समुदाय विकास संगठन, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश, आरआरटीसी उत्तरी– ने II ने वर्ष के दौरान, निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया:

- इस संगठन के तहत 2 राज्य आते हैं जिनमें इसके तहत क्षेत्र में 4 नषा–मुक्ति केन्द्र हैं।
- चयनित मुद्दों पर दो 5 –दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम, नर्सों और वार्ड ब्वायज के लिए एक प्रषिक्षण कार्यक्रम और टीएनए आधारित दो 2–दिवसीय सुग्राही कार्यक्रम।
- राज्य एडस नियंत्रण सोसायटी के तहत क्षमता निर्माण के लिए लक्षित हस्तक्षेप का कार्यान्वयन करने वाले उपचार केन्द्रों और गैर सरकारी संगठनों के 6 फील्ड दौरे। अनुवर्ती दौरे भी किए गए।
- राज्यों में विभिन्न लक्ष्य समूहों के लिए 2 जागरूकता/एडवोकेसी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

(xi) अफीम नशा मुक्ति और अनुसंधान केन्द्र, जोधपुर, राजस्थान, पश्चिम जोन – II ने वर्ष के दौरान, निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया:

- इस संगठन के तहत 2 राज्य आते हैं जिनमें इसके तहत क्षेत्र में 20 नशा–मुक्ति केन्द्र हैं।
- चयनित मुद्दों पर दो 5 –दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम, नर्सों और वार्ड ब्वायज के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम और टीएनए आधारित दो 2–दिवसीय सुग्राही कार्यक्रम।
- राज्य एडस नियंत्रण सोसायटी के तहत क्षमता निर्माण के लिए लक्षित हस्तक्षेप का कार्यान्वयन करने वाले उपचार केन्द्रों और गैर सरकारी संगठनों के 12 फील्ड दौरे। अनुवर्ती दौरे भी किए गए।

4.9 अन्य महत्वपूर्ण कार्यकलाप

"मादक द्रव्य दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस" मनाना।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा मादक द्रव्य के दुरूपयोग के बढ़ते खतरे के प्रति समाज, खासतौर पर युवाओं को संवेदनषील बनाने के लिए 26 जून, 2011 को मावलंकर सभागार, नई दिल्ली में एक कार्यक्रम आयोजित कर मादक द्रव्य दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया।

श्री कपिल सिब्बल, मानव संसाधन विकास मंत्री इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे और इस अवसर की अध्यक्षता श्री मुकुल वासनिक, केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा की गई। इस अवसर पर नेशनल बाल भवन, नई दिल्ली से आए बच्चों ने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम (मंच प्रदर्षन) का प्रदर्षन किया और श्री मुकुल वासनिक, केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संबंधित मुद्दों पर एक पोस्टर जारी किया गया था।

श्री कपिल सिब्बल, माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री और श्री मुकुल वासनिक, माननीय केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता 26 जून, 2011 को मादक द्रव्य दुरुपयोग और अवैध व्यापार के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर पोस्टर और प्रषिक्षण मैनुअल जारी करते हुए।

26 जून, 2011 को मावलंकर सभागार, नई दिल्ली में स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रदर्षित सांस्कृतिक कार्यक्रम।

राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग रोकथाम सम्मेलनः

मादक पदार्थों के दुरूपयोग की रोकथाम पर भारतीय गैर सरकारी संगठनों का परिसंघ (एफआईएनजीओ डीएपी), नई दिल्ली के सहयोग से पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में 28–30 अक्तूबर, 2011 को द्रव्य मंत्रालय द्वारा वित्तीय सहायता प्राप्त नषाखोरी रोकथाम क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों के राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसमें गैर सरकारी संगठनों, यूएन एजेंसियों और सरकारी विभागों से लगभग 500 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। श्री पवन बंसल, माननीय केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे और इसकी अध्यक्षता श्री मुकुल वासनिक, माननीय केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री ने की।

श्री पवन बंसल, माननीय केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे और इसकी अध्यक्षता श्री मुकुल वासनिक, माननीय केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री पंजाब विश्वविद्यालय में गैर सरकारी संगठनों के राष्ट्रीय सम्मेलन में।

अध्याय 5

वृद्धावस्था देखभाल

5.1 पृष्ठभूमि

दुनियाभर में वृद्धों की आबादी में एक अभूतपूर्व जनसांख्यिकीय संक्रमण देखने में आया है। 60+ आयुवर्ग की आबादी के अनुपात में बढ़ोत्तरी हो रही है। दीर्घायु में वृद्धि और मृत्यु दर में कमी की घटना विकसित देशों की तुलना में विकासशील देशों में अपेक्षाकृत अधिक तेजी से सामने आई है। वृद्धों की आबादी में वृद्धि से न केवल उनकी विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने की चुनौती ही मिलती है बल्कि उनके अनुभव और ज्ञान के व्यापक भंडार का उपयोग करने का अवसर भी मिलता है।

2001 की जनगणना के अनुसारए वरिष्ठ नागरिकों (60+द्ध की कुल जनसंख्या 7.7 करोड़ थी, जिसमें से पुरुषों और महिलाओं की जनसंख्या क्रमशः 3.8 करोड़ और 3.9 करोड़ थी। वरिष्ठ नागरिक कुल जनसंख्या का 7.5 प्रतिशत है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंडए हरियाणाए उड़ीसाए महाराष्ट्रए आंध्र प्रदेशए कर्नाटकए गोवाए केरलए तमिलनाडु और पुदुचेरी में वरिष्ठ नागरिकों की आबादी राष्ट्रीय औसत (7.5 प्रतिशत) की तुलना में अधिक है।

जनसंख्या (2001)

	व्यक्ति	पुरूष	महिला
सम्पूर्ण भारत	102.9	53.2	49.7
वरिष्ठ नागरिक (60+)	7.7	3.8	3.9
कुल का %	7.5	7.1	7.8

स्रोतः जनगणना, 2001

राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग द्वारा गठित तकनीकी समूह की भारत के महापंजीयक द्वारा प्रकाशित मई, 2006 की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2006 से 2026 तक (1 मार्च) 60+ आयुवर्ग की अनुमानित जनसंख्या और देश की कुल अनुमानित जनसंख्या में उनकी अनुमानित प्रतिशत हिस्सेदारी निम्नवत हैः

वर्ष की आयुवर्ग की जनसंख्या लगभग 6.6 प्रतिशत थी। 2026 तक इस आंकडे के 12.4 प्रतिशत तक हो जाने का अनुमान है।

वर्षों तक स्वास्थ्य सुविधाओं में सामान्य सुधार वरिष्ठ नागरिकों की आबादी की सुरक्षा में लगातार वृद्धि के मुख्य कारणों में से एक है। यह सुनिश्चित करना एक

वर्ष	वरिष्ठ नागरिक	
	अनुमानित जनसंख्या (करोड़)	कुल जनसंख्या का :
2006	8.36	7.5
2011	9.84	8.3
2016	11.81	9.3
2021	14.32	10.7
2026	17.32	12.4

जीवन प्रत्याशा में निरंतर वृद्धि का मतलब है कि और अब अधिक लोग लंबे समय तक जीवित रह रहे हैं। जबकि 1996 में कुल जनसंख्या में 60 और अधिक बड़ी चुनौती है कि वे अब अधिक आयु तक जीवित मात्र न रहे, अपितु एक सुरक्षित, गरिमामयी और उत्पादक जीवनयापन करे।

परंपरागत देखभाल प्रणाली को सुदृढ करने के लिए उपयुक्त रणनीति तैयार करना संस्थान का मुख्य दायित्व है, जो आधुनिक दुनिया की अनिवार्यता के कारण दबाव में अंतर्गत आ गया है। सेवाओं का स्तर बढ़ाने के लिए अपने कर्मियों को वृद्धाश्रम और दिवा देखभाल केन्द्रों में प्रशिक्षण द्वारा क्षमता निर्माण संस्थाओं की चिंता का एक अन्य क्षेत्र है। संस्थान सक्रिय, सृजक और सम्मानजनक वृद्धावस्था सुनिश्चित करने के लिए बुजुर्ग आबादी के लिए अपेक्षित सेवाओं के लिए बहु–आयामी ढांचा विकसित करने के कार्य में भी लगा है। समाज निर्माण में षामिल सभी आयुवर्गों के लिए विभिन्न मुद्दों का समाधान करने के लिए नेशनल पॉलिसी ऑफ ऑल्डर पर्सस (एनपीओपी), 1999 के अनुसरण में संस्थान द्वारा नेशनल इनिश्येटिव ऑन केयर फोर एल्डर्ली (नाइस) की शुरूआत की गई।

भारत सरकार बुजुर्गों की बेहतरी के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध है और सक्रिय और उत्पादक जीवन जीवनयापन हेतु बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए अनुकूल वातावरण सृजित करने के लिए नीति–निर्माण और उनके कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नोडल एजेंसी के रूप में बुनियादी नीतिगत मार्गदर्शन, इसके कार्यान्वयन की रुपरेखा प्रदान करता है और हितधारकों यथाः संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारोंए गैर सरकारी संगठनों, सिविल सोसायटियों, आदि के बीच समन्वय भी करता हैं। साथ ही, मंत्रालय द्वारा वृध्द व्यक्तियों के लिए एकीकृत कार्यक्रम (आईपीओपीद्ध का कार्यान्वयन भी किया जाता है जिसके तहत वृद्धाश्रम, दैनिक देखभाल केन्द्रों, मोबाइल चिकित्सा इकाइयों आदि के संचालन और रख–रखाव के लिए पात्र स्वयंसेवी संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष 2011–12 के दौरान, मंत्रालय ने इस योजना के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के लिए 400 गैर–सरकारी संगठनों को सहायता प्रदान की।

5.2 लक्ष्य और उद्देश्य

एनआईसीई के माध्यम से, समाज रक्षा संस्थान, परिवार और समुदाय व्यवस्था में हस्तक्षेप के लिए प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करते हुए वृद्धावस्था केयर गिवर का एक समर्पित कॉडर (जेरियाट्रिक एनीमेटर्सद्ध तैयार कर रहा है और कुशल जनशक्ति का सृजन कर रहा है। युवा पीढ़ी और वृद्ध व्यक्तियों के कल्याण के साथ जुडे अन्य व्यक्तियों को वृद्ध व्यक्तियों की आवश्यकताओं पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। कार्यक्रम के उद्देश्य निम्नानुसार हैं:

- वृद्ध व्यक्तियों की देखभाल और कल्याण के लिए पेशेवरों का कैडर तैयार करनाय
- वृद्ध व्यक्तियों की देखभाल से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर एक व्यापक और विज्ञान पर आधारित ज्ञान प्रदान करना;
- वृद्ध व्यक्तियों के साथ काम करने के लिए उपयुक्त कौशल विकसित करना; और
- छात्रों को कार्यक्रम के विकास और प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए बुजुर्गों की देखभाल की तकनीक/प्रबंधन हस्तक्षेप के बारे में उन्मुख करना।

5.3 लक्ष्य समूह

लक्ष्य समूहों में वरिष्ठ नागरिक और गैर.सरकारी संगठन के पदधिकारीध सरकारए वृद्धावस्था आदि के क्षेत्र में कार्यरत नीति निर्माता शामिल हैंरू

5.4 गतिविधियां

वृद्धावस्था के क्षेत्र में की गई मुख्य गतिविधियां हैं:

- जराचिकित्सा के क्षेत्र में विशेषज्ञों की परामर्शी बैठकए
- वृद्धावस्था देखभाल में मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षणए
- वृद्धावस्था देखभाल में प्रशिक्षण और शैक्षिक पाठ्यक्रमए
- समुदाय में वरिष्ठ नागरिकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रमए
- युवाओं के लिए संवेदीकरण कार्यक्रमए
- स्कूल के शिक्षकों/छात्रों के लिए संवेदनशील कार्यक्रमोंए औरए
- बुजुर्गों की जरूरतों का आकलन करने और उन्हें पूरा करने के लिए समुदाय आउटरीच कार्यक्रम।

5.5 प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण

कुशल वृद्धावस्था केयरगिवर की महसूस की गई जरूरत को पूरा करने और संस्थागत और होम सेटिंग्स

में बुजुर्गों को देखभाल प्रदान करने के लिएए संस्थान निम्नलिखित पाठ्यक्रम नियमित आधार पर चलाता है:

(i) एकीकृत वृद्धावस्था देखभाल में एक–वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम:

पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रबंधकीय स्तर पर वृद्ध ावस्था देखभाल के लिए गुणवत्तापरक कर्मियों की टीम तैयार करना है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में सैद्धांतिक सत्र, व्यावहारिक सत्र, इंटर्नशिप और परियोजना कार्य शामिल है। इसके अलावा, पाठ्यक्रम के अन्य आवश्यक हिस्सों में सेमिनार प्रस्तुतिकरण और फील्ड वर्क के आधार पर शोध प्रबंध प्रस्तुत करना है। पाठ्यक्रम का विवरण अर्थात् उम्मीदवारों की पात्रता/योग्यता, पाठ्यक्रम संरचना, प्रवेश प्रक्रिया आदि अनुबंध–X पर है। छात्रों से कोई पाठयक्रम प्रभार नहीं लिया जाता है।

संस्थान उत्तीर्ण छात्रों के प्लेसमेंट के लिए कोई व्यवस्था नहीं करता। पाठयक्रम वर्तमान में राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान द्वारा नई दिल्ली में ही संचालित किया जाता है। वर्ष के दौरान, 12 छात्रों ने पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया।

(ii) वृद्धावस्था देखभाल में छ्माही प्रमाणपत्र पाठयक्रम:

पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रबंधकीय स्तर पर गुणवत्तापरक वृद्धावस्था एनीमेटर/ केयर गिवर की एक कुशल कर्मियों टीम तैयार करना है। पाठ्यक्रम का विवरण अर्थात् उम्मीदवारों की पात्रता/योग्यता, पाठ्यक्रम संरचना, प्रवेश प्रक्रिया, आदि अनुबंध–XI पर है। पाठ्यक्रम मॉड्यूल में सिद्धांत, व्यावहारिक सत्र और परियोजना कार्य है। पाठयक्रम वर्तमान में राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान द्वारा नई दिल्ली और निम्नलिखित 6 क्षेत्रीय केंद्रों में आयोजित किया जा रहा है:

1. कलकत्ता मेट्रोपोलिटन इंस्टिट्यूट ऑफ जिरोंटॉलॉजी, कोलकाता
1. सेंटर फोर एक्शन रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग, भुवनेश्वर
3. अभय मिशन, त्रिपुरा
4. पीएसजीआर कृष्णामल कॉलेज, कोयंबटूर
5. नाइटिंगेल मेडिकल ट्रस्ट, बंगलौर, और
6. अल्जाइमर रिलेटेड डिसोर्डर सोसायटी ऑफ इंडिया, कोचीन।

प्रत्येक पाठ्यक्रम के दौरान, प्रत्येक केंद्र 30 छात्रों का चयन करता है। छात्रों से कोई शुल्क प्राभारित नहीं किया जाता। इस साल के दौरान, इन पाठ्यक्रमों से 197 छात्र उत्तीर्ण हुए।

(iii) गैर सरकारी संगठन के कार्यकर्ताओं के लिए वृद्धावस्था देखभाल के आधारभूत मुद्दों पर एक माह का प्रमाणपत्र पाठयक्रम:

पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वृद्धावस्था देखभाल के बारे में व्यापक ज्ञान का सृजन, वृद्धाश्रम में गुणवत्तापरक सेवा– प्राप्ति को सुसाध्य बनाना, वृद्धों को परामर्श में कौशल और विशेषज्ञता में बढोत्तरी करना, कुशल गृह प्रबंधन के लिए उपकरण प्रदान करना आदि है।

वृद्धावस्था देखभाल के आधारभूत मुद्दों पर एक माह के प्रमाणपत्र पाठयक्रम के प्रशिक्षार्थी

iv वृद्धों के लिए कंप्यूटर में बीस दिवसीय सामुदायिक प्रशिक्षणः

पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वृद्ध व्यक्तियों को कंप्यूटर अर्थात् कंप्यूटर संचालन विशेषताओं, इंटरनेट के उपयोग, ई दृ मेल भेजने, टिकट बुकिंग, प्रासंगिक जानकारी डाउनलोड करने आदि की सुविधाओं का बुनियादी और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है।

(v) अल्प कालीन पाठ्यक्रम– विषयक दक्षता निर्माण कार्यक्रम/संवेदीकरण कार्यक्रमः

बुजुर्ग और सेवाप्रदाता एजेंसियों के पदाधिकारियों के कौशल में बढ़ोत्तरी के लिएए संस्थान कई कौशल आधारित विषयगत कार्यक्रम चलाता है, जो निम्नानुसार हैं:

(क) मनोभ्रंश प्रबंधन पर उन्मुखीकरण कार्यक्रमः इसका उद्देश्य गैर सरकारी संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों के बीच मनोभ्रंश के ज्ञान में वृद्धि करना और उन्हें मनोभ्रंश जल्दी पता लगाने और पागलपन की प्रक्रिया को धीमा करने के लिए उन्मुख करना और मनोभ्रंश की देखभाल के प्रबंधन में अपने कौशल में उन्नयन के साथ–साथ उन्हें उचित उपायों से लैस करना है।

(ख) **बुजुर्गों में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)/माइक्रो– क्रेडिट की प्रोन्नति पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमः** इसके उद्देश्य लघु ऋण और सूक्ष्म वित्त के विभिन्न पहलुओं पर स्वयं सहायता समूहों की क्षमता निर्माणए पारिवारिक व्यवस्था में बुजुर्ग महिलाओं के सशक्तिकरणए महिलाओं की भूमिका को समझनेए सक्रिय और उत्पादक वृद्ध ावस्था के प्रोत्साहन हेतु उन्हें विपणन नेटवर्क के लिए तैयार करना है।

(ग) वृद्धों की बुनियादी देखभाल/वृद्धों से संबंधित मुद्देः इसका उद्देश्य सेवा प्रदाताओं का वृद्धों की बुनियादी देखभाल/वृद्धों सें संबंधित मुद्दों के बारे में उन्मुखीकरण करनाय उन्हें परित्यक्त बुजुर्गों से निपटने ध्उनकी देखभाल करने संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करनाय वृद्ध व्यक्तियों की विशेष मनोवैज्ञानिक दैहिक जरूरतों को समझना और इस समझ को उनकी देखभाल में इस्तेमाल करना है। लक्ष्य समूह में गैर–सरकारी संगठनों के पदाधिकारी और केयरगिवर शामिल हैं।

(घ) **वृद्धावस्था परामर्श में प्रमुख कार्यकर्ताओं के क्षमता**

नर्सिंग पर व्यावहारिक निदर्षन के दौरान वृद्धावस्था संबंधी मूल मुद्दों पर पांच दिवसीय प्रषिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी

निर्माण पर प्रशिक्षण पांच दिवसीय कार्यक्रमः इसका उद्देश्य उत्तरी क्षेत्र में विभिन्न गैर.सरकारी संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों को वृद्धों के परामर्श में बुनियादी कौशल में वृद्धि करना; वृद्धों की देखभाल करते समय विशेष हस्तक्षेप कार्यनीतियों के व्यावहारिक सम्पर्क के लिए वृद्धों की देखभाल हेतु परामर्श में विभिन्न एप्रोच वाले प्रतिभागियों को

वृद्धावस्था सम्बंधी विभिन्न मनोवैज्ञानिक कारकों को समझने में सक्षम बनाना है।

(ड़) **अंतर्राष्ट्रीय अंतराल को समाप्त करने के लिए स्कूल के शिक्षकों/सलाहकारों, अभिभावकों, छात्रों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम संवेदीकरण कार्यक्रमः** इसका उद्देश्य स्कूल शिक्षक और सलाहकारों को पीढ़ी के अंतराल को पाटने की विभिन्न तकनीकों पर कार्य की अवधारणा को समझने और पीढ़ी के अंतराल को समाप्त करने के उपाय खोजना, स्कूल के शिक्षकों को बच्चों/युवा पीढ़ी को उचित मूल्य और दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए संवेदी बनानाय सलाहकारों को वृद्धों के साथ–साथ युवा वर्ग में अंतर्राष्ट्रीय टकराव का मुकाबला करने के लिए विभिन्न परामर्श तकनीकों से अवगत कराना और अभिभावक और वरिष्ठ नागरिक रखरखाव और कल्याण अधिनियम, 2007 के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

(च) **वृद्धों के सशक्तिकरण पर पंचायती राज संस्थाओं के लिए एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रमः** संस्थान ने सहयोगी एजेंसियों के सहयोग से वृद्धजनों के सशक्तिकरण विषय पर पंचायती राज संस्थाओं के लिए एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं को सक्रियए उत्पादक और स्वस्थ वृद्ध के बारे में संवेदनशील करनाय उन्हें नए अभिभावक और वरिष्ठ नागरिक रखरखाव और कल्याण अधिनियम, 2007 से अवगत कराना है।

(vi) कार्यनीतिक परामर्शः

संस्थान इस क्षेत्र में कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने से सम्बंधित विभिन्न उभरते मुद्दों पर विशेषज्ञोंए गैर–सरकारी संगठनोंए वरिष्ठ अधिकारियों और दूसरों के विचार प्राप्त करने के लिए रणनीतिक सलाहकार बैठ्कें/कार्यशालाएं आयोजित करता है।

वृद्धावस्था प्रभाग की सहायक एजेंसियों की सूची अनुबंध– XII पर है।

5.6 वर्ष के दौरान आयोजित कार्यक्रम:

संस्थान के 135 प्रशिक्षण पाठ्यक्रमध्संवेदीकरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जिनके तहत 4909 व्यक्तियों को कवर किया गया। नीचे आयोजित कार्यक्रमों के साथ–साथ इनके तहत कवर पदाधिकारियों/व्यक्तियों की संख्या दी गई है:

क्र. सं.	कार्यक्रम	कार्यक्रमों की संख्या	व्यक्तियों की संख्या
1	दीर्घकालीन पाठ्यक्रम	23	659
2	अल्पकालीन कार्यक्रम	12	490
3	कार्यनीतिक परामर्श/विशेषज्ञों की बैठकें	100	3760
	कुल	**135**	**4909**



2011–12 के दौरान आयोजित प्रशिक्षण और अन्य कार्यक्रमों की एक विस्तृत सूची अनुबंध–VII पर है।

5.7 अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम:

(i) अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (आईडीओपी) समारोह

संस्थान ने 1 अक्टूबर, 2011 को नई दिल्ली में श्री सत्य साई सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर, माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री श्री मुकुल वासनिक और श्री डी. नेपोलियन ने दो वरिष्ठ नागरिकों और दो संस्थानों को वयोवृद्धावस्था की ओर उनके योगदान के लिए वयोश्रेष्ठ सम्मान 2011 प्रदान किया गया। (अनुबंध–VIII)

(ii) वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता सुधार कर सर्वांगीण स्वास्थ्य देखभाल के लिए अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 30 सितंबर, 2011 को अनुग्रह, दिल्ली के सहयोग से ''क्वालिटी ऑफ लाइफ ऑफ सिनियर सिटिजन्स'' विषय पर एक दिवसीय मल्टी– ईवेंट एक्टिविटी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रमए में वृद्धावस्था और उपलब्ध सुविधाओं संबंधी समस्याओं पर प्रदर्शनी आधारित विषय, मषहूर वरिष्ठ कलाकारों द्वारा प्रदर्शित सक्रिय, वैभवपूर्ण एवं स्वस्थ वृद्धावस्था को रेखांकित करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे।

(iii) राष्ट्रीय वृद्धजन परिषद (एनसीओपी): माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री श्री मुकुल वासनिक की अध्यक्षता में 2 नवंबर, 2011 को विज्ञान भवन में राष्ट्रीय वृद्धजन परिषद (एनसीओपी) की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक का मुख्य उद्देष्य देषभर में वृद्धजनों की स्थिति और संबंधित राज्यों द्वारा उनके कल्याण के लिए किए गए कार्य का आकलन करना था।

अध्याय 6

समाज रक्षा संबंधी अन्य मुद्दे

6.1 पृष्ठभूमि:

जैसाकि आम भाषा में समझा जाता है, समाज रक्षा का संबंध हाशिये पर आबादी के ऐसे वर्ग से है जिसे व्यवस्थित संगठित और सुसंगत प्रयासों के माध्यम से सरकार और सिविल सोसायटी, दोनों से सुरक्षा के अतिरिक्तए देखभाल और सहायता की आवश्यकता है। समाज रक्षा के मुद्दे जैसे मादक द्रव्य दुरुपयोग, वृद्धावस्था, बाल शोषण, भिक्षावृत्ति, एचआईवी/एड्स, देह–व्यापार, परिवीक्षा सेवाएं, जेल आदि कुछ उभरते मुद्दे माना गया है। इसलिए, समाज के ऐसे तबको की बेहतरी के लिए, जो प्रभावित है, तत्काल और उपयुक्त हस्तक्षेप आवश्यक है।

भारत में भिक्षावृत्ति एक गंभीर समस्या है जिससे प्राथमिकता आधार पर निपटा जाना चाहिए। यद्यपिए ऐसे व्यक्ति, जो समाज के लिए संभावित खतरा और परेशानी का सबब है, की आवारगी और भिक्षावृत्ति के विरुद्ध नियंत्रक कानून हैं। तथापि, यह एक सामाजिक समस्या अधिक है और इसका तदनुसार, समाधान किया जाना चाहिए। इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन के लिए संबंधित राज्य सरकार के अधिकारियों और भागीदार गैर.सरकारी संगठनों के लिए भिक्षावृत्ति रोकथाम पर प्रशिक्षण/सुग्राहीकरण कार्यक्रमों का असर दूरगामी होगा।

संस्थान, बच्चों की सुरक्षा, जैसे मादक द्रव्यों के सेवन, एचआईवी/ एड्स से प्रभावित बच्चों की सुरक्षा और स्ट्रीट शिक्षकों के लिए परामर्श कौशल से संबंधित मुद्दों का संचालन करता है। समाज रक्षा के मुद्दों पर राज्य सरकार ध्ौर सरकारी संगठनों/पंचायत/ पुलिस और समाज सेवा के पदाधिकारियों को सुग्राही बनाने के लिए एक माह का व्यापक कार्यक्रम और 3 दिन अल्पावधि राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

6.2 लक्ष्य और उद्देश्य

संस्थान का उद्देश्य पणधारकों/सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भिक्षावृत्ति रोकथाम और बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत राज्य समाज कल्याण विभागों और संस्थाओं के साथ संबंध स्थापित करना है:

- सेवाओं जैसे स्वास्थ्य सेवाए बच्चों व भिखारियों की शिक्षा और न्याय तक बेहतर पहुंच।
- भिक्षावृत्ति और बाल सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष सेवाएं विकसित करना।

6.3 लक्ष्य समूह

लक्ष्य समूहों में संबंधित राज्य समाज कल्याण विभागों के अधिकारी, परिवीक्षा अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड के पदाधिकारी, राज्य पुलिस विभागों के मध्यम स्तरए समाज सेवा संस्थाओं के व्याख्याता, रीडर और फील्ड कार्य–पर्यवेक्षक, संबंधित गैर सरकारी संगठन के पदाधिकारी, समाज सेवक, पंचायती राज संस्थाए और रिसर्च स्कॉलर्स हैं।

6.4 गतिविधियां

संस्थान की गतिविधियां निम्नलिखित हैं:

- भिक्षावृत्ति की रोकथाम के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों का क्षमता निर्माण;
- अन्य सामाजिक रक्षा मुद्दों के क्षेत्रों में सरकार/ पंचायतों/गैर.सरकारी संगठन के कार्यकर्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सुग्राही बनाना;
- समाज रक्षा के अन्य मुद्दों के क्षेत्र में अनुसंधान और प्रलेखन; और
- इस मुद्दे पर राष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठियों और सलाहकार बैठकों का आयोजन करना।

6.5 प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण:

6.5.1 दीर्घकालीन कार्यक्रम:

- सरकार के समाज रक्षा कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार/गैर सरकारी संगठन और पंचायती के पदाधिकारियों को सुसज्जित करने/हितधारकों/सेवाप्रदाताओं के उन्मुखीकरण के उद्देश्य से लिए समाज रक्षा संबंधी मुद्दों पर व्यापक एक माह का प्रमाणपत्र कार्यक्रम का आयोजित किया जाता है। समाज रक्षा पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के मॉड्यूल में मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम, वृद्धजन देखभाल, बाल संरक्षण, भिक्षावृत्ति रोकथाम, अवैध व्यापार, परिवीक्षा आदि शामिल हैं।

श्री अनूप श्रीवास्तव, आईएएस, अपर सचिव, 28 मार्च –26 अप्रैल, 2012 तक एनआईएसडी में आयोजित समाज रक्षा में एक माह के प्रमाणपत्र के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए।

28 मार्च –26 अप्रैल, 2012 तक समाज रक्षा में एक माह के प्रमाणपत्र के प्रतिभागियों का समूह फोटो।

श्री लालसंगलूर, निदेषक, एनआईएसडी वित्तीय वर्ष 2011–12 के दौरान एनआईएसडी में 16 नवंबर–15 दिसंबर, 2011 तक आयोजित समाज रक्षा में एक माह के प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों के साथ बातचीत करते हुए।

6.5.2 विषयक कौशल निर्माण कार्यक्रम:

प्रभाग द्वारा निम्नलिखित अल्पकालिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है:

समाज सुरक्षा संबंधी अन्य मुद्दे

- **समाज रक्षा के मुद्दों पर सरकारी/गैर सरकारी संगठन/पंचायत के पदाधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम** का उद्देश्य समाज रक्षा की अवधारणाओं, विधान, कार्यक्रम, योजनाओं और समाज रक्षा कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में सरकार/ गैर सरकारी संगठनोंध पंचायती राज संस्थाओ में कार्यरत विभिन्न कर्मियों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में ज्ञान, समझ विकसित करने के लिए प्रतिभागियों का सुग्राहीकरण और उन्मुखीकरण करना है।
- **समाज रक्षा मुद्दे पर पुलिस विभाग के पदाधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम** का उद्देश्य प्रतिभागियों का समाज रक्षा के मुद्दों पर सुग्राहीकरण और उन्मुखीकरण करना और अधिकारियों को कानून के विभिन्न प्रावधानों और कार्यक्रमों और अपनी जिम्मेदारियों के बारे में समझ प्रदान करना है।
- **समाज सेवा व्यावसायिकों के लिए समाज रक्षा मुद्दों पर तीन दिवसीय क्षेत्रीय स्तर प्रशिक्षण कार्यक्रम** का उद्देश्य समाज रक्षा मुद्दों पर व्याख्याताओं, रीडरों, समाज सेवा संस्थानों के पर्यवेक्षकों का उन्मुखीकरण करना और उन्हें सुग्राही बनाना है।

बाल सुरक्षा

- संबंधित सरकार/ गैर सरकारी संगठन पदाधिकारियो के लिए मादक द्रव्य दुरुपयोग से प्रभावित बच्चों की विशिष्ट देखभाल पर तीन दिवसीय कार्यक्रम। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को मादक द्रव्य दुरुपयोग से प्रभावित बच्चों के लिए विशेष सेवाओं के बारे में संवेदनषील बनाना और उन्हें इन बच्चों के पुनर्वास के लिए आवश्यक विशेष कौशल प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित करना है।
- एचआईवी/एड्स से प्रभावित और संक्रमित बच्चों की विशेष देखभाल पर संबंधित सरकारी/ गैर सरकारी संगठन के पदाधिकारियों के लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों कोएचआईवी/एड्स से प्रभावित और संक्रमित बच्चों के पुनर्वास के लिए आवश्यक विशेष सेवाओं के संबंध में सुग्राही बनाना और प्रशिक्षित करना है।
- बच्चों के लिए कार्यरत स्ट्रीट शिक्षकों के लिए परामर्श कौशल पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रमरू इसे प्रभावी बाल सेवाओ के लिए सलाहकारों की क्षमताओं के सुदृढ़ीकरण के लिए बनाया गया हैं। यह कार्यक्रम अपने कार्य को प्रभावी ढंग से करने हेतु स्ट्रीट शिक्षकों को बुनियादी संचार और

परामर्श कौशल प्रदान करने पर फोकस करता है। इसके अलावा, इस कार्यक्रम में बाल शोषण, बच्चों में मादक द्रव्य के दुरुपयोग और एचआईवी/एड्स आदि जैसे कुछ विशेष मुद्दों पर भी ध्यान दिया गया है।

भिक्षावृत्ति की रोकथाम

सरकारी/ गैर सरकारी संगठन के पदाधिकारियों के लिए भिक्षावृत्ति निवारण पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य भिक्षावृत्ति निवारण पर प्रतिभागियों का उन्मुखीकरण और प्रशिक्षित करना है। प्रशिक्षण के माड्यूल में संसाधनों के अभिसरण, उद्यमी, बहु.कौशल प्रषिक्षण और माइक्रो क्रेडिट के माध्यम से अवधारणा, परिमाण, कार्यक्रम आदि शामिल है।

6.5.3 कार्यनीतिक परामर्श

- समाज रक्षा के मुद्दोंए कार्यक्रमों और योजनाओं के मूल्यांकन और समाज रक्षा के क्षेत्र में हस्तक्षेप रणनीतियों की उपयुक्तता का विश्लेषण करने की वर्तमान स्थिति का पता करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर सेमिनार और कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं।

6.5.4 भिक्षावृत्ति पर उप–समूह बैठक

वित्तीय वर्ष 2011–12 के दौरान, समाज रक्षा प्रभाग ने ग्प् वीं पंचवर्षीय योजना तैयार करने के लिए समाज कल्याण संबंधी कार्य समूह के भाग के रूप में भिक्षावृत्ति संबंधी उपसमूह की कई बैठकें आयोजित की।

इस प्रभाग ने ग्प् वीं पंचवर्षीय योजना तैयार करने के लिए श्रीमती गैरोला, आईएएस, अपर सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में समाज कल्याण संबंधी कार्यसमूह के भाग के रूप में विज्ञान भवन, समिति कक्ष 'ग' में 30.05.2011 को भिक्षावृत्ति पर प्रथम उप समूह बैठक के आयोजन का कार्य किया।

श्री अभिलक्ष्य लिखी, आईएएस, संयुक्त सचिव (एसडी), श्री जुबैर मीनाई, अध्यक्ष, भिक्षावृत्ति उप समूह और डॉ. आर. गिरिराज, उप निदेशक (एसडी), और सदस्य सचिव 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012–2017) तैयार करने के लिए एनआईएसडी में 24.06.2011 को आयोजित भिक्षावृत्ति पर द्वितीय उप समूह में भाग लेते हुए।

भिक्षावृत्ति पर तृतीय उप–समूह बैठक 14.07.2011 को समिति कक्ष 'ग' विज्ञान भवन में आयोजित की गई थी। डॉ. आर. गिरिराज, उप निदेषक (एसडी), और सदस्य सचिव, भिक्षावृत्ति उपसमूह ने इसमें प्रस्तुति दी। डॉ. (प्रोफेसर) स्नेह लता टंडन, पूर्व अध्यक्ष, समाज विज्ञान, दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ. (कैप्टन) डी. वी. पी. राजा, अध्यक्ष, मदुरै समाज विज्ञान संस्थान भी उपस्थित थे।

भिक्षावृत्ति पर प्रथम उप समूह ने भिक्षावृत्ति के उन्मूलन के लिए द्विषाखी कार्यनीति अर्थात प्रत्यक्ष और अभिसरण एप्रोच की सिफारिष की। इसकी मुख्य सिफारिष केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम जिसे भिखारियों की सुरक्षा और पुनर्वास एकीकृत कार्यक्रम कहा जाता है, भिखारियों के पुनर्वास की राष्ट्रीय नीति और राष्ट्रीय मॉडल विधान बनाना था। समिति ने भिखारियों के पुनर्वास के लिए केन्द्र सरकार के पहले से मौजूदा कार्यक्रमों की सेवाओं /प्रावधानों के उपयोग की सिफारिष भी की।

वर्ष 2011–12 के दौरान, समाज रक्षा प्रभाग ने 33 प्रशिक्षण एवं सुग्राहीकरण कार्यक्रमों (राष्ट्रीय, राज्य और क्षेत्रीय स्तर पर) के माध्यम से अन्य 1224 लाभार्थियों को कवर किया। इन कार्यक्रमों में विशेष मुद्दों जैसे परामर्श कौशल, भिक्षावृत्ति निवारण, मादक द्रव्य दुरुपयोग से प्रभावित बच्चे, व्यापक समाज रक्षा कार्यक्रम आदि को कवर किया गया।

अध्याय 7

अनुसंधान और प्रलेखन

7.1 परिचय

अनुसंधान और प्रलेखन किसी भी कार्यक्रम का मुख्य आधार है जिसके लिए प्रमाण आधारित नीति हस्तक्षेप की जरुरत होती है और यह वैज्ञानिक विधि और उपकरणों का प्रयोग करते हुए क्षेत्र से एकत्रित ज्ञात सामाजिक समस्याओं या मुद्दों संबंधी डाटा और सूचना प्रदान करते हैं। अनुसंधान के निष्कर्षो से एकत्रित डाटा और सूचना नीतियां और कार्यक्रम तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण इनपुट का कार्य करते हैं। इस तरह के निष्कर्षों को नीति निर्माताओं, कार्यक्रम कार्यान्वयनकर्ता एजेंसियों के साथ–साथ अनुवर्ती अनुसंधान कार्य के लिए शोधकर्ताओं के सुलभ प्रयोग के लिए सुसाध्य प्रारुप में प्रलेखित किया जाना चाहिए।

राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान, मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथामए वृद्धावस्था देखभाल और भिक्षावृत्ति निवारण, बाल संरक्षण आदि सहित समाज रक्षा के अन्य मुद्दों के क्षेत्र में अनुसंधान करने के लिए समाज रक्षा के क्षेत्र में कार्यरत विश्वविद्यालयों/संस्थाओं/संगठन के साथ सहकार्य कर रहा है।

7.2 अनुसंधान और प्रलेखनः

(i) अनुसंधान

संस्थान की अनुसंधान विंग के सुदृढ़ीकरण और समाज रक्षा के क्षेत्र में अनुसंधानोन्मुख कार्रवाई के निष्पादन के लिए समिति ने मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथामएओल्ड एज केयर और भिक्षावृत्ति की रोकथाम के संबंध में एक्शन अनुसंधान के कुछ क्षेत्रों की पहचान की है। इस संबंध में, संस्थान ने कुछ राष्ट्रीय स्तरीय संस्थाओं जैसे एनआईसीएफएस, आईसीएसएसआर आदि के आधार पर, स्वायत्त निकाय के रुप में एनआईएसडी की अपेक्षाओं के अनुरुप अनुसंधान दिशा–निर्देश तैयार किए हैं। संस्थान के अनुसंधान और प्रलेखन संबंधी मामलों पर एक अनुसंधान परामर्शदात्री समिति स्थापित की गई है जिसमें निदेशक, एनआईएसडी इसके अध्यक्ष हैं और संथान के संबंधित कार्यक्रम प्रभाग के उपनिदेशकों के साथ–साथ संस्थान के उल्लिखित 3 मूल क्षेत्रों के प्रतिनिधि विशेषज्ञ इसके सदस्य हैं।

क्र. सं.	अनुसंधान प्रस्ताव का शीर्षक	सहयोगी एजेंसी	अध्ययन की अवधि	स्वीकृत राशि
1	अंतः षिरा मादक पदार्थों के दुरूप्योग के वयसनी के लिए उत्तरदायी कारक– महाराष्ट्र में युवा वयसनियों/उपयोगकर्ताओं का अध्ययन	आईयूएम प्रबंधन और समाजिक अनुसंधान प्राइवेट लिमिटेड, एम–57 बी, तृतीय तल, मालवीय नगर, नई दिल्ली	8 माह	4,99,500/–
2	तमिलनाडु में भिखारियों के जीवन के यथार्थ का अध्ययन	डॉ. पी. एन. नारायण, प्रधानाचार्य, मदुरै समाज विज्ञान संस्थान, नं. 9, अलगर कॉयल रोड, मदुरै 625002 (तमिलनाडु)	9 माह और 15 दिन	5,00,000/–
3	वृद्धाश्रमों मे वृद्धजनों का स्वास्यि– एक अन्वेषक अध्ययन	लेडी इर्विन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, सिकंदरा रोड़, नई दिल्ली–1, डॉ. सुषमा गोयल, परियोजना निदेशक	2 वर्ष	5,00,000/–
4	केरल में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले वृद्धजनों की समस्याओं का अध्ययन	लेयोला एक्सटेंषन सर्विसेज (एलईएस), लोयोला समाज विज्ञान कॉलेज, श्री कैरियम, तिरूअनंतपुरम, केरल–695017	12 माह	4,94,300/–

संस्थान अनुसंधान की पृष्ठभूमि और अनुभव प्राप्त विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संगठनों और संस्थानों, केन्द्र–राज्य विभागों और गैर–सरकारी संगठनों को समाज रक्षा के क्षेत्रों में विभिन्न अध्ययनों का आयोजन कराने के लिए वित्तपोषण प्रदान कर इनसे अनुसंधान प्रस्ताव आमंत्रित करता है। प्रथम परामर्शदात्री समिति की 19 अगस्त, 2011 को आयोजित बैठक में संस्थान ने 9 दिसंबर, 2011 को संस्थान की कार्यकारी परिषद के सम्मुख अनुसंधान परामर्शदात्री समिति की सिफारिश प्रस्तुत की जिसने निम्न विषयों पर पांच अनुसंधान प्रस्तावों को वित्तीय सहायता प्रदान करने को मंजूरी प्रदान की है:–

(ii) मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम

संस्थान द्वारा आउटरीच और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में वृद्धि के लिए निम्नलिखित डेटाबेस तैयार किया गया है:

- गैर.सरकारी संगठनों और सेवा प्रदाताओं का विवरण,
- देश में मादक पदार्थों की मांग में कमी और एचआईवी/एड्स की रोकथाम के क्षेत्र में कार्यरत संसाधन व्यक्तियों/ प्रशिक्षकों का विवरण और
- एनसी–डीएपी, आरआरटीसी और अन्य सहयोगी एजेंसियों द्वारा प्रशिक्षित पदाधिकारियों/सेवा प्रदाताओं के विवरण।

वर्ष के दौरान इन्हें अद्यतन किया गया था।

(iii) वृद्धावस्था देखभाल

रिपोर्ट की अवधि के दौरान उत्तर, उत्तर–पूर्व और पूर्वी क्षेत्र में आयोजित छमाही प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के छात्रों को एक खास इलाके में गृहस्थों के सर्वेक्षण के माध्यम से क्षेत्र में एक व्यावहारिक अधिगम अनुभव भी प्रदान किया गया।

- एकीकृत वृद्धावस्था देखभाल में एक–वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमः स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए अनुसंधान कार्य को आंषिक तौर पर पूरा करने के तौर पर शोध निबंध का कार्य किया गया। वृद्धावस्था के महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे संज्ञानात्मक विकार, सेवानिवृत्ति के बाद परिवर्तन, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, समुदाय व परिवार की भूमिका, ग्रामीण और शहरी व्यवस्थाओं में मानसिक स्वास्थ्य आदि को समझने का प्रयास किया गया था।
- वृद्धावस्था देखभाल में छमाही प्रमाणपत्र पाठयक्रमः छ माह के पाठ्यक्रम में शोध प्रबंध/परियोजना, पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा होता है! यह मूलतः छात्रों के लिए क्षेत्र में कार्य से संपर्क है और इससे विशेष समुदाय/लोकेलिटी में वृद्धावस्था संबंधी समस्याओं की गहन समझ मिलती है। शोध प्रबंध/परियोजना का संबंध मुख्यतः केयर गिवर प्रणाली,, चिकित्सा सेवाओं, मनोवैज्ञानिक समस्याओं, सफल/उत्पादक वृद्धावस्था, वृद्धजनों का सषक्तिकरण और समुदाय आधारित देखभाल आदि है। :

(iv) समाज रक्षा संबंधी अन्य मुद्दे

समाज रक्षा पर एक राष्ट्रीय निर्देशिका का कार्य पूरा किया गया है जिसमें संबंधित राज्य समाज कल्याण विभागों, संबंधित गैर सरकारी संगठनों, संबंधित राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों और अनुसंधान संगठनों के विवरण शामिल है। इसके अलावा, संस्थान द्वारा बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत गैर–सरकारी संगठनों की निर्देशिका पर डेटा बेस और किशोर न्याय में मास्टर ट्रेनर्स का एक राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार किया है।

7.3 पुस्तकालय

संस्थान में एक अच्छे स्टॉक वाला पुस्तकालय है जिसमें पत्रिकाओं, पत्रिकाओं और शब्दकोशों के अलावा लगभग 15000 पुस्तकों और दस्तावेजों का संग्रह है। व्यापक विषयों में क्षेत्रों में बाल अधिकार, बाल कल्याण और संरक्षण, किशोर न्याय, जराचिकित्सा/वृद्धावस्था देखभाल और मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम हैं। अन्य विषयों में अपराध प्रक्रिया संहिता, भारतीय दंड संहिता, आपराधिक कानून, अपराध और पुलिस, अपराध–विज्ञान, परिवीक्षा, किशोर अपराध, जेल–नियमावली, जेल कल्याण और सुधार, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, सामाजिक कार्य, नशाखोरी और एड्स, मादक द्रव्य दुरुपयोग और अवैध व्यापार, मादक द्रव्य दुरुपयोग और इसके परिणाम और बाल विकास शामिल हैं। किताबें हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में हैं। इसके अलावा, पुस्तकालय में प्रशासनिक

नियमावली, संदर्भ पुस्तकें, शब्दकोश, वार्षिक पुस्तकें, सांख्यिकीय एब्सट्रैक्ट, भारत में बाल एटलस, आदि पर पुस्तकें हैं।

पुस्तकालय में अंग्रेजी में 14 पत्रिकाएं और हिंदी में 10 पत्रिकाएं आती हैं; अनुपूरक (कम्प्लीमेंट) आधार पर पत्रिकाएं जैसे समाज कल्याण, सोशल वेलफेयर, भारतीय पुलिस पत्रिका, एसपीएएन, इंडियन जर्नल ऑफ क्रिमिनोलॉजी, एक्टा क्रिमोनोलॉजी मेडिसिना लिगलिस जैपोनिका, राष्ट्र और विश्व और मनकदूत आते हैं। संस्थान के कार्मिकों के अलावाए पुस्तकालय का प्रयोग छात्रों द्वारा किया जाता है, जिन्होंने संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और पाठयक्रमों में नामांकन कराया हुआ है। साथ ही, देश में विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के अनुसंधान विद्वानों द्वारा भी इसका प्रयोग किया जाता है।

अध्याय 8

मीडिया और प्रचार

8.1 पृष्ठभूमि

संस्थान मादक पदार्थ एल्कोहल दुरुपयोग, आंतर पीढी संबंध की अवधारणा और वृद्धजन देखभाल के क्षेत्र में प्रचार और आईईसी सामग्री तैयार करता है।

8.2 प्रदर्शनी और घटनाएँ

निवारक शिक्षा को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण विषयों बारे में अधिक जागरुकता सृजित करने के लिए, संस्थान ने वर्ष के दौरान कुछ महत्वपूर्ण सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लिया, जिनमें दिल्ली हाट में शिल्पोत्सव और प्रगति मैदान, नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला शामिल है। संस्थान ने इस तरह के सभी योजनों में सूचनात्मक और अंतर–क्रिया स्टाल लगाए जिनमें न केवल सूचनात्मक पैनल प्रदर्शित किए गए वरन ऑन–स्पॉट परामर्श बूथ, फिल्म शो और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए जिन्होंने भारी संख्या में स्टाल की ओर आगंतुकों को खींचने के लिए अतिरिक्त आकर्षण पैदा किया।

8.2.1 शिल्पोत्सव

संस्थान ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 17 से 22 जनवरी, 2012 तक एमवीआईआरडीसी, विश्व व्यापार केन्द्र, मुंबई और 16 से 30 सितंबर, 2011 तक दिल्ली हाट, आईएनए, नई दिल्ली में आयोजित शिल्पोत्सव, 2011–12 में सक्रिय रूप से भाग लिया। संस्थान ने प्रदर्शनियों के दौरान मंत्रालय के विभिन्न लक्ष्य समूहों से संबंधित विषय पर "मूकाभिनय प्रदर्शन", एक सांस्कृतिक कार्यक्रम और फिल्म शो का आयोजन किया। इसके अलावा, इसने अपनी स्टॉल में वृद्धावस्था देखभाल और मादक पदार्थ दुरूप्योग रोकथाम संबंधी मुद्दों पर आईईसी सामग्री भी प्रदर्षित की और परामर्ष दिया।

8.2.2 राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2011–12

संस्थान ने 12–16 जनवरी 2012 तक मंगलौर में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लिया। राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान ने ''युवा कृति'' के तहत प्रदर्शनी प्रस्तुत की। राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा अखिल भारतीय हस्तशिल्प एवं सामाजिक विकास मेला आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान ने वृद्धावस्था और मादक पदार्थ दुरूप्योग रोकथाम के सबंध में अंग्रेजी और हिंदी में सूचनापरक फ्लैक्सी और डिजीटल पैनलों का प्रदर्शन किया।

राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान स्टाल पर मादक पदार्थों की लत और वृद्धावस्था की समस्याओं के संबंध में तत्काल परामर्श उपलब्ध कराया गया था। आगंतुकों ने इसमें गहरी रूचि दिखाई।

अनुबंध–I
संगठनात्मक संरचना



अनुबंध – II
(अध्याय 3 का पैरा नं. 3.1)

आम परिषद के सदस्य

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिनांक 26 मार्च 2008 के आदेश सं. 15–41(6)/07–08/एजी–प्प के अनुसार राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान की आम परिषद का गठन निम्नानुसार है:–

1.	सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय सरकार भारत शास्त्री भवन, नई दिल्ली.	अध्यक्ष
2.	संयुक्त सचिव (एसडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली.	सदस्य
3.	वित्तीय सलाहकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली	सदस्य
4.	संयुक्त सचिव गृह मंत्रालय भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली	सदस्य
5.	प्रतिनिधि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली	सदस्य
6.	प्रतिनिधि स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली	सदस्य
7.	प्रतिनिधि माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा विभाग भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली	सदस्य

8. प्रतिनिधि — सदस्य
युवा मामले एवं खेल विभाग
सरकार भारत
शास्त्री भवन, नई दिल्ली

9. प्रतिनिधि — सदस्य
श्रम मंत्रालय
सरकार भारत
श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली

10. प्रतिनिधि — सदस्य
राजस्व विभाग
वित्त मंत्रालय
सरकार भारत
नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली

11. प्रतिनिधि — सदस्य
विधि – कार्य विभाग
विधि एवं न्याय मंत्रालय
सरकार भारत
शास्त्री भवन, नई दिल्ली

12. प्रतिनिधि — सदस्य
नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो
पश्चिम ब्लॉक 1, विंग– 3
आर.के. पुरम, नई दिल्ली.

13. सचिव — सदस्य
समाज कल्याण विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र,
दिल्ली सरकार
आई. पी. एस्टेट, नई दिल्ली.

14. निदेशक — सदस्य–सचिव
राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान
पश्चिम ब्लॉक–1, विंग–7,
आर.के. पुरम, नई दिल्ली.

इस क्षेत्र में स्वैच्छिक संगठनों/सामाजिक कार्यकर्ताओं के छह विशेषज्ञ/ प्रतिनिधि

15. श्री पी. एन. अरोडा — सदस्य
संस्थापक ट्रस्टी
यषोदा फाउंडेषन
113, गांधी नगर,
गजियाबाद

16. श्री मनोहर अरोड़ा — सदस्य
एक्स–52, पष्चिमी पटेल नगर
नई दिल्ली–110008

17.	डॉ. एस. जी. शेखर नं. 294, पुरसवालक्कम हाई रोड़ कैलीज, चेन्नई तमिलनाडु–600010	सदस्य
18.	प्रोफेसर राजीव कुमार केयर ऑफ अभिराम सिंह राष्ट्रीय पुस्तकालय लेन ईस्ट लोहानीपुर, कदम कुआं, पटना–8000003, बिहार	सदस्य
19.	श्री दिनेश गुप्ता 55/77, पंजाबी बाग (पष्चिम) नई दिल्ली–110026	सदस्य
20.	श्री मदिगा इराबापू इसरायल टावास सं. 3–24, तम्मालुरू मंडल रंगा रेड्डी जिला हैदराबाद–501359 (आन्ध्र प्रदेष)	सदस्य

अनुबंध – III
(अध्याय 3 का पैरा नं. 3.1)

कार्यकारी परिषद के सदस्य

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिनांक 26 मार्च 2008 के आदेश सं. 15–41(6)/07–08/एजी–II के अनुसार राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान की कार्यकारी परिषद का गठन निम्नानुसार हैः–

1.	संयुक्त सचिव (समाज रक्षा) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन, नई दिल्ली.	अध्यक्ष
2.	निदेशक / उप सचिव (आई. एफ. विंग) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन, नई दिल्ली.	सदस्य
3.	श्री ओम प्रकाश रंगा आवास सं. 1262, गली नं. 9 स्वतंत्र नगर, नरेला दिल्ली–110040	सदस्य
4.	डॉ. (श्रीमती) शिलू श्रीनिवासन अध्यक्ष डिग्निटी फाउंडेशन मंबई	सदस्य
5.	निदेशक राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान पश्चिमी ब्लॉक–1, विंग–7, आर. के. पुरम, नई दिल्ली	सदस्य– सचिव

अनुबंध – IV
(अध्याय 3 का पैरा नं. 3.4)

संस्थान में समूह 'क' और 'ख' अधिकारियों के नाम और पदनाम

समूह–क		
1.	श्री लालसंगलुर	निदेशक
2.	श्री डी. सी. जयाराजू	उप निदेशक (अनुसंधान और विकास)
3.	श्री एम. सुनील कुमार	उप निदेशक (एनसी–डीएपी)
4.	डॉ. आर. गिरिराज	उप निदेशक (एसडी)
समूह–ख		
5.	श्री जी. सी. हल्दर	अनुसंधान अधिकारी
6.	सुश्री. पुनम रानी	अनुसंधान अधिकारी
7.	श्री मनोज हतोज	अनुसंधान अधिकारी

अनुबंध – V
(अध्याय–4 का पैरा नं. 4.6)

मादक द्रव्यों के सेवन की रोकथाम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम 2011–12

क्र. सं.	प्रशिक्षण पाठ्यक्रम / कार्यक्रम का शीर्षक	सहयोगी एजेंसी	आयोजन स्थल	प्रतिभागियों की सं.
तीन माह का प्रमाणतत्र पाठ्यक्रम				
1.	मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम पर 3–माह का प्रमाणपत्र पाठयक्रम	राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (एनएसआईडी)	नई दिल्ली	25
तीन माह का बुनियादी पाठ्यक्रम				
2.	मादक द्रव्य दुरुपयोग की रोकथाम पर 3–माह का प्रमाणपत्र पाठयक्रम	राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान (एनएसआईडी)	नई दिल्ली	25
		गैलेक्सी क्लब (आरआरटीसी पूर्वोत्तर–I)	इम्फाल	25
		मिजोरम समाज रक्षा और पुनर्वास बोर्ड (आरआरटीसी पूर्वोत्तर–III)	आइजवाल	25
		टीटीके रंगनाथन क्लिनिकल रिसर्च फाउंडेशन (आरआरटीसी दक्षिण)	चैन्नई	25
		कलकता स्मारिटन्स (आरआरटीसी पूर्व–II)	कोलकाता	25
		कृपा फाउंडेशन (आरआरटीसी पूर्व–II)	नागालैण्ड	25
		विवेकानंद एजुकेशन सोसायटी, कोलकाता (आरआरटीसी पूर्व–I)	कोलकाता	25
		आरआरटीसी उत्तर– सोसायटी फोर प्रोमोशन ऑफ यूथ एंड मासेस (एसपीवाईएम)	नई दिल्ली	25
		मुक्तांगन मित्र (आरआरटीसी पश्चिम)	पुणे	25
चयनित कौशल निर्माण संबंधी मुद्दों पर 3 से 5 दिवसीय विशेष पाठ्यक्रम				
3.	आईटी परामर्श मुद्दों और कौशल पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम	कलकता स्मारिटन्स (आरआरटीसी पूर्व–II)	कोलकाता	25
		गुंजन, आरआरटीसी उत्तर–II	धर्मशाला	25
		टी.टी.के. रंगनाथन क्लिनिकल रिसर्च फाउंडेशन (आरआरटीसी दक्षिण– I)	चैन्नई	25
		(आरआरटीसी दक्षिण– II)	चेंगनचेरी	25
		मुक्तांगन मित्र (आरआरटीसी पश्चिम– I)	पुणे	25
		मानकलाओ अफीम नशा–मुक्ति केन्द्र आरआरटीसी पश्चिम– II)	जोधपुर	25
		आरआरटीसी पश्चिम– II	अहमदाबाद	25
		गैलेक्सी क्लब (आरआरटीसी पूर्वोत्तर–I)	चूराचंदपुर	25

क. सं.	प्रशिक्षण पाठ्यक्रम / कार्यक्रम का शीर्षक	सहयोगी एजेंसी	आयोजन स्थल	प्रतिभागियों की सं.
4.	हानि में कमी के संबंध में 5 दिवसीय पाठ्यक्रम	कलकता स्मारिटन्स (आरआरटीसी पूर्व–II)	रांची	25
		(आरआरटीसी पूर्व–I), गैलेक्सी क्लब		25
		आरआरटीसी उत्तर– सोसायटी फोर प्रोमोशन ऑफ यूथ एंड मासेस (एसपीवाईएम)	इम्फाल	25
5.	पुनर्वास और स्वास्थ्य में गिरावट की रोकथाम पर 5 दिवसीय पाठ्यक्रम	कलकता स्मारिटन्स (आरआरटीसी पूर्व–II)	गंगटोक	25
		टीटीके रंगनाथन क्लिनिकल रिसर्च फाउंडेशन (आरआरटीसी दक्षिण– I)		25
		(आरआरटीसी दक्षिण– II)	रांची	25
		मुक्तांगन मित्र (आरआरटीसी पश्चिम– I)		25
		मिजोरम समाज रक्षा और पुनर्वास बोर्ड (आरआरटीसी पूर्वोत्तर–III)	आईजवाल	25
		आरआरटीसी पश्चिम– II	जोधपुर	25
		आरआरटीसी पूर्वोत्तर–I गैलेक्सी क्लब	इम्फाल	25
6.	नए परामर्शकों के उन्मुखीकरण हेतु 5 दिवसीय पाठ्यक्रम	टीटीके रंगनाथन क्लिनिकल रिसर्च फाउंडेशन (आरआरटीसी दक्षिण– I)		25
7.	नए परामर्शकों के उन्मुखीकरण हेतु 5 दिवसीय पाठ्यक्रम	टीटीके रंगनाथन क्लिनिकल रिसर्च फाउंडेशन (आरआरटीसी दक्षिण– I)	नई दिल्ली	25
8.	सूचना प्रोद्योगिकी पर 5 दिवसीय पाठ्यक्रम	आरआरटीसी दक्षिण– II		25
		मुक्तांगन मित्र (आरआरटीसी पश्चिम– I)	सतारा	25
		मिजोरम समाज रक्षा और पुनर्वास बोर्ड (आरआरटीसी पूर्वोत्तर–III)	आईजवाल	25
9.	सूक्ष्म ऋण पर 5 दिवसीय पाठ्यक्रम	मुक्तांगन मित्र (आरआरटीसी पश्चिम– I)	पुणे	25
		आरआरटीसी पूर्वोत्तर – II कृपा फाउंडेशन	दीमापुर	25
10.	बीसीसी पर कौशल निर्माण संबंधी 5 दिवसीय प्रशिक्षण	मिजोरम समाज रक्षा और पुनर्वास बोर्ड (आरआरटीसी पूर्वोत्तर–III)	आईजवाल	25
		आरआरटीसी पश्चिम– II	अहमदाबाद	25
		आरआरटीसी पूर्व – II कृपा फाउंडेशन	शिलांग	25
11.	आजीविका के विकल्पों के संबंध में 1 दिवसीय पाठ्यक्रम	आरआरटीसी पूर्वोत्तर – II कृपा फाउंडेशन	दीमापुर	25
12.	नर्सों और वार्ड ब्वायस के लिए 2 दिवसीय उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम	कलकता स्मारिटन्स (आरआरटीसी पूर्व–II)	कोलकाता	25
		मुक्तांगन मित्र (आरआरटीसी पश्चिम– I)	पुणे	25
		गैलेक्सी क्लब (आरआरटीसी पूर्वोत्तर–I)	इम्फाल	25

क. सं.	प्रशिक्षण पाठयक्रम / कार्यक्रम का शीर्षक	सहयोगी एजेंसी	आयोजन स्थल	प्रतिभागियों की सं.
		आरआरटीसी पश्चिम– II	इम्फाल	25
		कृपा फाउंडेशन सोसायटी फोर यूथ प्रोमोशन एंड मासेस (आरआरटीसी उत्तर)	नई दिल्ली	25
		आरआरटीसी पूर्व – II	नागालैण्ड	25
		आरआरटीसी दक्षिण– II		25
		टी.टी.के. रंगनाथन क्लिनिकल रिसर्च फाउंडेशन (आरआरटीसी दक्षिण– I)	चैन्नई	25
13.		गुंजन, आरआरटीसी उत्तर–II	धर्मशाला	25
प्रशिक्षण आवश्यकता आकलन (टीएनए) आधारित दो दिवसीय उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम				
14.	डीएपी पर 2 दिवसीय उन्मुखीकरण / सुग्राहीकरण कार्यक्रम	टी.टी.के. रंगनाथन क्लिनिकल रिसर्च फाउंडेशन (आरआरटीसी दक्षिण– I)	त्रिची	25
		टी.टी.के. रंगनाथन क्लिनिकल रिसर्च फाउंडेशन (आरआरटीसी दक्षिण– I)	विजाग	25
		टी.टी.के. रंगनाथन क्लिनिकल रिसर्च फाउंडेशन (आरआरटीसी दक्षिण– I)	पांडिचेरी	25
		टी.टी.के. रंगनाथन क्लिनिकल रिसर्च फाउंडेशन (आरआरटीसी दक्षिण– I)	चैन्नई	25
		सोसायटी फोर एंपावरमेंट एण्ड एडवोकेसी	भरतपुर	
		आरआरटीसी आईडब्ल्यूसीडीसी	इम्फाल	25
		कलकता स्मारिटन्स (आरआरटीसी पूर्व–II)	कोलकाता	25
		कलकता स्मारिटन्स (आरआरटीसी पूर्व–II)	कोलकाता	25
		गुंजन, आरआरटीसी उत्तर–II	धर्मशाला	25
		गुंजन, आरआरटीसी उत्तर–II	धर्मशाला	25
		सोसायटी फोर प्रोमोशन ऑफ यूथ एंड मासेस (एसपीवाईएम)	दिल्ली	25
		सोसायटी फोर प्रोमोशन ऑफ यूथ एंड मासेस (एसपीवाईएम)	दिल्ली	25
		सोसायटी फोर प्रोमोशन ऑफ यूथ एंड मासेस (एसपीवाईएम)	दिल्ली	25
		सोसायटी फोर प्रोमोशन ऑफ यूथ एंड मासेस (एसपीवाईएम)	दिल्ली	25
		गैलेक्सी क्लब (आरआरटीसी पूर्वोत्तर–I)	गोवाहाटी	25
		गैलेक्सी क्लब (आरआरटीसी पूर्वोत्तर–I)	उखरूल	25

क. सं.	प्रशिक्षण पाठयक्रम / कार्यक्रम का शीर्षक	सहयोगी एजेंसी	आयोजन स्थल	प्रतिभागियों की सं.
		गैलेक्सी क्लब (आरआरटीसी पूर्वोत्तर–I)	गोवाहाटी	25
		आरआरटीसी पूर्वोत्तर–II कृपा फाउंडेशन	कोहिमा	25
		आरआरटीसी पूर्वोत्तर–II कृपा फाउंडेशन	चोंगकॉम	25
		आरआरटीसी पूर्वोत्तर–II कृपा फाउंडेशन	शिलांग	25
		मिजोरम समाज रक्षा और पुनर्वास बोर्ड (आरआरटीसी पूर्वोत्तर–III)	लुगलैई	25
		मिजोरम समाज रक्षा और पुनर्वास बोर्ड (आरआरटीसी पूर्वोत्तर–III)	आईजवाल	25
		आरआरटीसी पश्चिम –II	जोधपुर	25
		आरआरटीसी पश्चिम –II	जोधपुर	25
15.	चिकित्सकों के लिए 2 दिवसीय उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम	कलकता स्मारिटन्स (आरआरटीसी पूर्व–II)	कोलकाता	25
